आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

● वर्ष- 16 अंक 210 ● कटनी ● शनिवार, 3 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

विदर्भ में बीते 24 घंटों में कर्ज में डूबे छह किसानों ने की आत्महत्या

नागपुर,एजेंसी। महाराष्ट्र के विदर्भ में पिछले 24 घंटों में छह किसानों ने अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाले सभी किसान गले तक कर्ज में डूबे हुए थे। महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या प्रकरण में विदर्भ पिछले दो सालों में सबसे आगे है। आत्महत्या करने वाले छह किसानों में से पांच यवतमाल जिले के गांवों से थे जबकि एक वर्धा जिले के एक गांव का रहने वाला था। महाराष्ट्र सरकार के एक निकाय, कृषि मिशन के अध्यक्ष किशोर तिवारी ने जानकारी दी कि जुलाई और अगस्त में भारी बारिश के बाद फसलें बह गई, बदकिस्मत से इन छह किसानों की फसलें भी बह गई, जो इनकी आत्महत्या का कारण बनीं। खरीफ सीजन की शुरुआत में अपने खेतों में फसल बोने के लिए इन किसानों को लोन तक नहीं मिल पाया क्योंकि, पहले ही ये सभी पहले ही गले तक कर्ज में डूबे हुए थे। यवतमाल के नरसाला गांव में बीते गुरुवार को आत्महत्या करने वाले एक किसान के पिता ने कहा कि बेटे के पास तीन एकड़ कृषि भूमि की देखभाल की जिम्मेदारी थी। वह उसमें कपास और सोयाबीन उगाता था। कहा, च्मेरे बेटे ने फसलों की फिर से बुवाई के लिए अस्थायी ऋण के लिए कुछ साहूकारों से संपर्क किया। लेकिन वह धन नहीं जुटा सका और इसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। यवतमाल के जिला कलेक्टर अमोल येगे ने कहा कि अकेले अगस्त में जिले में 51 किसानों की आत्महत्या से मौत हुई है। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारी संकटग्रस्त किसानों को सलाह देने और ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं। प्रशासन ने जिले में जागरूकता अभियान भी शुरू कर दिया है।

कटक में पॉक्सो कोर्ट के जज सरकारी आवास पर फंदे से लटके मिले

कटक, एजेंसी। ओडिशा के कटक में स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के जज शुक्रवार को सरकारी आवास पर फांसी पर लटके हुए मिले। जज के स्टेनोग्राफर आरएन महापात्रा ने बताया कि जज बिहारी दो दिन की छुट्टी पर थे। उन्हें शुक्रवार को ही ऑफिस जॉइन करना था, लेकिन उन्होंने फिर से छुट्टी के लिए अप्लाई कर दिया। कटक पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर तापस चंद्र प्रधान ने बताया, च्जज सुभाष कुमार बिहारी कटक में अपने सरकारी आवास पर फांसी पर लटके हुए मिले थे। शुरुआत में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। आगे जांच की जा रही है।

मध्य प्रदेश में नए कानून की तैयारी

बलात्कारियों को अब रहना पड़ सकता है आखिरी सांस तक सलाखों के पीछे

भोपाल,यशभारत। आजीवन कारावास की अवधि के निर्धारण के लिए मध्य प्रदेश सरकार की प्रस्तावित नीति में नाबालिग के साथ बलात्कार एवं समूहिक बलात्कार, आतंक और नशीले पदार्थों के अवैध व्यवसाय में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों को अब आखिरी सांस तक जेल में रहना होगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में विभिन्न अधिनियमों में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की रिहाई की अवधि की प्रस्तावित नीति 2022 पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में वर्ष 2012 की नीति लागू है। वर्तमान में प्रदेश के 131 जेलों में 12,000 से अधिक बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदियों के संबंध में जो नई नीति तैयार की गई है, उसमें जघन्य अपराधियों को कोई राहत नहीं मिलेगी। आतंकी गतिविधियों और नाबालिगों से बलात्कार के अपराधियों का कारावास 14 वर्ष में समाप्त नहीं होगा। मध्यप्रदेश में ऐसे अपराधियों को अंतिम सांस तक कारावास में ही रहने का प्रावधान किया गया है। इन दोषियों को अंतिम सांस तक रहना होगा जेल मेंअधिकारी ने बताया, च्ऐसे अपराधियों में विभिन्न अधिनियम में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाए गए दोषी, नाबालिग से बलात्कार के दोषी, सामूहिक बलात्कार के दोषियों, जहरीली शराब बनाने, विदेशी मुद्रा से जुड़े

अपराधों, दो या दो से अधिक प्रकरण में हत्या के दोषी को अब अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। उन्होंने कहा कि इसमें शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान हत्या का अपराध करने वाले दोषी भी शामिल होंगे। इसी तरह राज्य के विरुद्ध अपराध और सेना के किसी भी अंग से संबंधित अपराध करने वाले अपराधी भी किसी रियायत का लाभ नहीं ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन अपराधों में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को अब जेल में ही अंतिम सांस तक रहना होगा।

» रिहा नहीं हो सकेंगे 376 के दोषी

अधिकारी ने बताया कि आजीवन कारावास से दंडित भादंसं की धारा 376 के दोषी बंदी भी 20 वर्ष का वास्तविक कारावास और परिहार सहित 25 वर्ष पूर्ण करने से पहले जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बारे में कहा, च्आजीवन कारावास के ऐसे बंदी जो अच्छे व्यवहार, आचरण आदि के कारण समय पूर्व रिहाई का लाभ लेते हैं, वे अलग श्रेणी के हैं और आतंकी, बलात्कारी बिल्कुल अलग श्रेणी के हैं। बलात्कार के मामलों में किसी भी स्थिति में बंदियों को समय पूर्व रिहाई का लाभ नहीं मिलना चाहिए। ऐसे अपराधी समाज विरोधी हैं।

» 10 राज्यों की नीतियों पर हुई स्टडी

सीएम चौहान ने कहा कि कारावास में रिहाई का अर्थ सिर्फ सद् व्यवहार और आगे अपराध मुक्त जीवन का संकेत देने वाले अपराधियों पर ही लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार इस तरह का गंभीर अपराध करने वाले आगे ऐसा अपराध नहीं करेंगे, इसकी गारंटी कौन ले सकता है। चौहान ने कहा कि जागरूकता अभियान से बलात्कार के मामलों में कमी लाने के लिए एक कार्ययोजना पर भी अमल किया जाए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में 10 राज्यों की नीतियों के अध्ययन के बाद यह प्रस्तावित नीति तैयार की गई है।

मणिपुर में नीतीश कुमार को झटका, जदयू के 5 विधायक भाजपा में शामिल

पटना, एजेंसी। प्रधानमंत्री पद की रेस में शामिल होने की सुर्खियों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा ने मणिपुर में बड़ा झटका दिया है। मणिपुर में 5 जदयू विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं, जिससे मणिपुर में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को बड़ा झटका लगा है। जदयू से भाजपा में जाने वाले 5 विधायकों में केएच जॉयकिशन, एन सनाटे, मोहम्मद अछबुद्दीन, पूर्व पुलिस महानिदेशक एएम खौटे और थंगजाम अरुण कुमार शामिल हैं। आपको बता दें कि एएम खौटे और थंजाम अरुण कुमार ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ने की मांग की थी लेकिन टिकट नहीं मिलने पर दोनों जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गए थे। मणिपुर विधानसभा सचिव के मेघजीत सिंह ने कहा कि स्पीकर ने संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत जदयू के 5 विधायकों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया है। मार्च में ही मणिपुर में विधानसभा चुनाव हुए थे और चुनावों के दौरान जदयू ने 38 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिसमें से उसने 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। इन 6 विधायकों में से भी अब 5 विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं।

सोनाली फोगाट हत्या के मामले में नया खुलासा

PA सुधीर सांगवान ने कबूला गुनाह, साजिश रचकर की थी हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया स्टार व भाजपा नेत्री रह चुकी सोनाली फोगाट हत्या के मामले में नया खुलासा हुआ है। गोवा पुलिस के सूत्रों ने खुलासा किया है कि सोनाली फोगाट के पीए सुधीर सांगवान ने अपना गुनाह कबूल करते हुए कहा है कि साजिश के तहत सोनाली की हत्या की गई थी। गोवा पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि हिरासत में सख्ती से पूछताछ के दौरान सुधीर सांगवान अपना गुनाह कबूल किया है। पुलिस की सख्त पूछताछ में सुधीर सांगवान ने साजिश रचने की बात कबूल करते हुए कहा कि उसने सोनाली फोगट को गुड़गांव से गोवा लाने साजिश रची थी। उसने पुलिस को बताया कि गोवा में किसी शूटिंग की कोई योजना नहीं थी, गोवा लाना साजिश की योजना थी। गोवा पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सोनाली फोगाट की हत्या की साजिश बहुत पहले रची गई थी। इस बड़े खुलासे के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आला पुलिस अफसरों को जल्द चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया है। गोवा पुलिस ने इस केस से संबंधित में अधिकांश जरूरी दस्तावेज बरामद कर लिए गए हैं, जो सुधीर सांगवान को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त हैं। गोवा पुलिस का दावा है कि जुटाए गए सबूतों के आधार पर कोर्ट में सुधीर सांगवान को दोषी ठहराने में काफी मदद मिलेगी। इस बीच खबर है कि गोवा पुलिस कुछ जरूरी जांच के लिए सुधीर सांगवान के घर भी जा सकती है। सुधीर सांगवान का घर रोहतक में है, जहां आज गोवा पुलिस पूछताछ के लिए जा सकती है। सोनाली फोगाट के भाई वतन जानकारी दी है कि वह आज रोहतक में सुधीर सांगवान के घर पूछताछ के लिए जाएंगे। गौरतलब है कि 23 अगस्त को सोनाली फोगाट की गोवा में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है।

मिडिल क्लास के लिए खुशखबरी

मोदी सरकार उन्हें भी देगी 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा

नई दिल्ली,ईएमएस। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार पर विचार कर रही है। नए लाभार्थियों के लिए इसे मामूली प्रीमियम पर पेश करने की योजना बना रही है। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने 2018 में इस योजना को लॉन्च किया था। इसके तहत 10.74 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, इसके जरिए हम उन सभी लोगों को लाभ पहुंचाने में सक्षम होंगे जिन्हें इसकी आवश्यकता है। इसे मामूली प्रिमियम पर लोगों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा, देश के मध्यम आय वाले वर्ग, जो कि न तो अमीर है और न ही गरीब है, पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कवर करने पर विचार किया जा रहा है। आपको बता दें कि यह योजना वर्तमान में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को कवर करती है। अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम वर्तमान में लगभग 1200 से 1300 रुपये के हैं। केंद्र और राज्य सरकारें 60-40 के अनुपात में इसका खर्चा उठाती है।उन्होंने कहा, देश में ऐसे लोग हैं जो प्रति वर्ष 1,00,000 कमाते हैं। ऐसे भी लोग हैं जो 10,00,000 रुपये सालाना कमाते हैं। यदि आप बारीकी से देखें, तो बाद वाला अधिक कमा सकता है, लेकिन वह सभी मेडिकल खर्चों को वहन करने में सक्षम नहीं हो सकता है। इसलिए हमें लाभार्थियों की सूची का विस्तार करने की जरूरत है। इस योजना पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वर्तमान में, देश भर में करीब 28,000 अस्पताल केंद्र की इस योजना का हिस्सा हैं।

एकनाथ शिंदे के आगे पूरी प्लानिंग फेल होने का खतरा

साथ आए विधायक कर सकते हैं घर वापसी!

मुंबई, एजेंसी। शिवसेना से बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे के सामने नई मुसीबत खड़ी हो गई है। अभी सरकार बने करीब तीन महीने ही बीते हैं, लेकिन उन्हें अपने साथ आए विधायकों की नाराजगी से गुजरना पड़ रहा है। इसी के चलते वह कैबिनेट का दूसरा विस्तार भी नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल शिवसेना से बागी ज्यादातर विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में खुद को मंत्री देखना चाहते हैं और यही मुश्किल की वजह है।

फिलहाल असली शिवसेना और नकली शिवसेना का विवाद भी चल रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के समक्ष लंबित है। ऐसे में चर्चा है कि कुछ ऐसे विधायक भी हैं, जो मंत्री न बन पाने की स्थिति में उद्धव ठाकरे गुट के साथ जा सकते हैं। ऐसा होता है तो एकनाथ शिंदे के लिए यह बड़ी मुश्किल होगी। यदि कुछ विधायक जाते हैं तो फिर एकनाथ शिंदे गुट के सामने दलबदल कानून का खतरा पैदा हो जाएगा। एकनाथ शिंदे ने जब शिवसेना से बगावत करके सरकार बनाई थी तो उन्हें 40 विधायकों का समर्थन मिला था। शिवसेना के कुल 54 विधायक हैं। ऐसे में उन्हें कम से कम 37 विधायक विवाद हल होने तक अपने साथ रहना जरूरी है ताकि दलबदल कानून से बच सकें। इसलिए यदि बागी विधायकों में से 4 भी अलग हुए तो संख्या 36 ही रह जाएगी और दलबदल कानून का खतरा पैदा हो जाएगा। यही एकनाथ शिंदे की मुश्किल है, जिसके चलते वह विधायकों को राजी करने का प्रयास कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग में लंबित है शिवसेना का फैसला

शिंदे ग्रुप के एक सदस्य ने कहा, चफिलहाल यह पूरा विवाद सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसके अलावा चुनाव आयोग के पास भी दोनों पक्षों की याचिका लंबित है। लेकिन इस वक्त यदि कैबिनेट विस्तार होता है और यदि मंत्री पद न पाने वाले नेता उद्धव खेमे में चले जाते हैं तो फिर असली शिवसेना पर दावे का आधार ही कमजोर हो जाएगा।ज बता दें कि पहले कैबिनेट विस्तार में एकनाथ शिंदे गुट के 40 में से 9 विधायक ही मंत्री बने हैं। ऐसे में बाकी लोगों के बीच असंतोष है कि उन्हें शिवसेना से बगावत करने पर आखिर क्या मिला है। इसके अलावा एक बड़ा गुट यह भी सोच रहा है कि शिवसेना से बगावत पर एक तरफ उनकी चुनावी संभावनाएं कमजोर हो सकती हैं तो दूसरी तरफ उन्हें मंत्री पद जैसे फायदा भी नहीं मिल सका है।

क्या राहुल लड़ सकते है चुनाव

मनाने के लिए ताकत झोकेंगे वरिष्ठ नेता

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करवाने के लिए तैयार है। हालांकि, इससे ठीक पहले उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गुलाम नबी आजाद सरीखे वरिष्ठ नेता ने चुनाव से ठीक पहले पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं, शशि थरूर, मनीष तिवारी और कार्ति चिदंबरम ने मतदाता सूची जारी करने की मांग कर अपने तेवर दिखा दिए हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किसके हाथ में जाएगा, इसको लेकर भी पार्टी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। अब पार्टी के कई लोगों का मानना है कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो सकते हैं। राहुल गांधी के शुक्रवार शाम को विदेश यात्रा से लौटने की संभावना है। ऐसा कहा जा रहा है कि कांग्रेस नेताओं के द्वारा उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ने और संगठन की बागडोर स्वीकार करने के लिए मनाने की एक नई कोशिश की जा सकती है। राहुल गांधी ने मई 2019 में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। यह भी कहा जाता है कि उन्होंने ही पार्टी से कहा कि गांधी परिवार से कोई भी नेतृत्व नहीं संभालेगा। राहुल गांधी के करीबी सूत्र ने इसे दावे को पूरी तरह से खारिज करने से इनकार किया है कि राहुल गांधी इस साल होने वाला राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं लडेंगे।

भाजपा नेताओं ने देवघर से जबरन भरी उड़ान

एयरपोर्ट के ATC ऑफिस में घुसे, भाजपा के 2 सांसद समेत 9 नेताओं के खिलाफ FIR

देवघर , एजेंसी। झारखंड के देवघर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर पर दबाव बनाकर रात में चार्टर्ड प्लेन टेक ऑफ कराने के मामले में भाजपा नेताओं समेत नौ के खिलाफ FIR दर्ज हुई है। इनमें गोड्डा से BJP सांसद निशिकांत दुबे, उनके दो बेटे, सांसद मनोज तिवारी और भाजपा नेता कपिल मिश्रा का नाम शामिल हैं।एफआईआर देवघर एयरपोर्ट पर तैनात DSP सुमन अमन ने जिले के कुंडा थाना में दर्ज शिकायत पर कराई है। छ्स्क्कसुमन अमन के मुताबिक, 31 अगस्त को गोड्डा के सांसद, उनके दोनों बेटे, मनोज तिवारी और अन्य लोग देवघर एयरपोर्ट के ATC में जबरन घुसे और कर्मचारियों पर जबरन क्लियरेंस लेने का दबाव बनाया। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि देवघर एयरपोर्ट में नाइट टेक ऑफ और लैंडिंग की सुविधा अभी तक नहीं है। DSP ने अपनी शिकायत में लिखा है कि जब वह ATC कंट्रोल रूम पहुंचे, तो वहां एयरपोर्ट के डायरेक्टर संदीप ढींगरा और चार्टर्ड प्लेन के पायलट पहले से मौजूद थे। उस समय चार्टर्ड प्लेन के पायलट ने ञ्जष्ट स्टाफ पर दबाव डाला। कुछ ही देर बाद सांसद और उनके दोनों बेटे भी वहां पहुंच गए। DSP अमन ने कंप्लेन में लिखा है कि इन चीजों को देखते हुए यह साफ है कि एयरपोर्ट ऑपरेशन के सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया गया। इन लोगों ने ATC में जबरन एंट्री की। DSP ने CCTV का भी हवाला दिया है, जिसमें 31 अगस्त को घटना के समय मुकेश पाठक, देवता पांडे और पिंटू तिवारी पर भी ATC बिल्डिंग में सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन कर घुसने का आरोप है।इस मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार से हम मिलने गए तो आप इतने बौखला गए कि पेड सिस्टम हमें गाली देने लगा। झारखंड के इस्लामीकरण से त्रस्त परिवार के इंसाफ की लड़ाई केस-मुकदमे से बंद नहीं होगी।

डबल डेकर बस में ट्रक ने मारी टक्कर, चार की मौत, 14 घायल

बाराबंकी, ईएमएस। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, बाराबंकी में बहराइच हाईवे पर शनिवार तड़के यह भीषण सड़क हादसा हुआ। हाईवे पर खड़ी डबल डेकर बस में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। चार की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

पंजाब पुलिस का मप्र में एक्शन

अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 55 पिस्तौल बरामद, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी। एक खुफिया ऑपरेशन के तहत पंजाब पुलिस ने मध्य प्रदेश के दो हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार करते हुए एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। ये तस्कर बड़े पैमाने पर हथियारों के अवैध निर्माण और मध्य प्रदेश से पंजाब व अन्य राज्यों में सप्लाई में शामिल रहे हैं। पुलिस को इनके कब्जे से .32 बोर और .30 बोर की 55 पिस्तौलों का एक बड़ा जखीरा मिला है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के जिला खरगोन के गांव रतवा निवासी भोरेलाल उर्फ मनीष बड़े और जिला बुरहानपुर के ग्राम दत्त पहाड़ी निवासी कैलाश मल सिंह के रूप में हुई है। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने मध्य प्रदेश पुलिस की मदद से उक्त दोनों तस्करों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है।सीआई अमृतसर यूनिट ने अमृतसर में रेलवे क्रॉसिंग वल्लाह मंडी से दो लोगों को चार पिस्तौलों के साथ गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ के आधार पर आगे कार्रवाई करते हुए तीन सप्ताह बाद यह बड़ी सफलता हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि बरामद हथियारों की सप्लाई मध्य प्रदेश के जिला बुरहानपुर में स्थित एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार निर्माता और सप्लायर ने की थी। एमपी भेजी गई 15 सदस्यीय टीम ने किया भंडाफोड़ डीजीपी ने बताया कि इंस्पेक्टर इंद्रदीप सिंह के नेतृत्व में सीआई अमृतसर की 15 सदस्यीय टीम को मंगलवार को मध्य प्रदेश भेजा गया था। यह टीम गुरुवार को इन दोनों हथियार सप्लायरों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने में कामयाब रही। ऑपरेशन अभी जारी है। हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी की संभावनाएं हैं।

गोदाम में घटिया क्वालिटी का चावल भरने पर कार्यवाही

मंडला नागरिक आपूर्ति निगम के चार अधिकारी सस्पेंड

भोपाल मंडला, यशभारत। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने अच्छी क्वालिटी के धान की प्रोसेस के बाद अदला-बदली कर घटिया क्वालिटी का चावल गोदाम में भर दिया। इस पर नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी तरुण पिथोड़े ने मंडला के चार अधिकारियों का सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी जिले में भी गड़बड़ी की शिकायत पर जांच की जा रही है। नागरिक आपूर्ति निगम में धान

मिलिंग प्रोसेस में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। मंडला जिले के जिला प्रबंधक और तीन गोदाम मैनेजर को सस्पेंड किया गया है। मंडला गोदाम केंद्र मैनेजर, मनेरी गोदाम मैनेजर और बिछिया गोदाम मैनेजर ने करीब 1800 मीट्रिक टन घटिया क्वालिटी का चावल गोदाम में भर लिया। जबकि सरकारी खरीदी में दान की क्वालिटी अच्छी थी। यह गड़बड़ी धान की मिलिंग प्रोसेस में मिलर्स के साथ मिल कर की गई। इसमें जिला प्रबंधक केएल शर्मा को भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाने का दोषी मानकर कार्रवाई की गई है। इन चारों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।

दूसरे जिलों में भी मिली शिकायत

नागरिक आपूर्ति निगम को धान मिलिंग प्रोसेस में दूसरे जिलों के गोदाम में भी मिलर्स के साथ मिलकर गड़बड़ी करने की शिकायत मिली है। इसमें जबलपुर, नरसिंहपुर और कटनी जिले शामिल हैं। यहां पर भी गोदामों में भरे चावल की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। बता दें यह चावल गरीबों को राशन की दुकान के माध्यम ये बांटा जाना है।

मिलर्स पर भी होगी कार्रवाई

नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी तरुण पिथोड़े ने बताया कि मंडला में डीएम और तीन गोदाम मैनेजर को सस्पेंड किया है। दूसरे जिलों में भी शिकायत मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। इसमें दोषी मिलर्स पर भी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगा।

मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी के स्थाई हल की तैयारी

महिलाएं जाकर चैक करेंगी, कैसा बना है भोजन

जबलपुर यशभारत। मध्यान्ह भोजन योजना (पोषण आहार) में स्वूसली छात्रों को गुणवत्ताहीन भोजन मिलने की शिकायत नई नहीं है, लेकिन बीते दिनों बच्चों की खीर में मरा मेंढक मिलने की घटना ने फिर एक बार खतरे की लाल घंटी बजा दी है। जन स्वास्थ्य विशेष बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ के खिलाफ आमजन में रोष देखा जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ बार बार मध्यान्ह भोजन को लेकर मिल रही शिकायत को दूर करने के लिये जिला प्रशासन स्थाई समाधान पर विचार कर रहा है. जानकारी के अनुसार अब जिले के सभी गांवों में अनुशरण समितियां तैयार की जाएंगी, जिसमें शामिल सदस्य कभी भी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में कभी भी भोजन की जांच कर सकते हैं। समिति में विशेष तौर पर महिला सदस्यों को शामिल किया जाएगा, जो गांव की ही होंगी. माना जा रहा है की यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो जहां एक तरफयह समस्या का स्थाई निदान बनेगी, वहीं दूसरी तरफ पूरे देश में मिसाल बनेगी. क्योंकि मध्यान्ह भोजन योजना कमो बेश पूरे देश में लागू है.

गौरतलब है की नया गांव प्राथमिक शाला में बच्चों को परोसे गए मध्यान्ह भोजन में मेंढक मिलने के मामलकी घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है. जहां एक तरफमामले की जांच हो रही है वहीं दूसरी तरफ स्थाई समाधान पर विचार. प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में आमजन की सहभागिता की व्यवस्था का खाका तैयार किया जा रहा है। जिसके लिये अब ग्राम स्तर पर अनुशरण समितियों का गठन किया जाएगा। इन समितियों गांव के ही सदस्य होंगी. समितियों की महिला-सदस्य किसी भी दिन मध्यान्ह भोजन के समय बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन के स्वाद एवं गुणवत्ता का परीक्षण कर सकेंगी। इस तरह से उनको यह भी पता चलता रहेगा कि गांव के बच्चों को किस तरह का भोजन परोसा जा रहा है।

जीवन का एक बेहतरीन कार्य है रक्तदान

सेंट जोसफ़ कॉन्वेन्ट स्कूल सदर में आयेजित शिविर में अभिभावकों ने बढ़चढ़कर किया रक्तदान

जबलपुर, यशभारत। युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान कोई नुकसान नहीं है । बीमार के लिए रक्तदान जीवन की आशा है जीवन को वापस देने के लिए रक्त दान अवश्य करें। जीवन का एक बेहतरीन कार्य रक्तदान है रक्तदान करके जीवन को बचाया जा सकता है आप एक रक्तदाता हैं, तो आप किसी के जीवन के लिए एक नायक हैं, जो कही न कही आपके अनुग्रह पर ही उसको जीवनरूपी उपहार प्राप्त कर सकता है। इसी उद्देश्य से सेंट जोसफ़ कॉन्वेन्ट स्कूल सदर में एन.एस.एस और एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं के प्रेरित करने पर उनके अभिभावकों ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया । इस शिविर के लिए मेडिकल कॉलेज की टीम डा. अर्चना शुक्लाा डा खुशबू और, ब्लड बैंक इंचार्ज शिशिर चनपुरिया की का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। एन. सी. सी. अधिकारी ए. एन.ओ. श्रीमती रजनीत कौर और एन. एस. एस अधिकारी श्रीमती वेरोनिका, माइकल का विशेष सहयोग रहा। कैंप की सुचारू व्यवस्था में शाली की प्राचार्य सिस्टर नाव्या और आशू गूमर का विशेष सहयोग रहा।

लायंस लीडरशिप इंस्टीट्यूट वर्कशॉप आज

जबलपुर, यशभारत। लायंस लीडरशिप वर्कशॉप लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की लायंस लीडरशिप इंस्टीट्यूट वर्कशॉप, 4 सितंबर को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन दिलीप भंडारी बिलासपुर की अध्यक्षता एवं डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव द्वय लायन विजय अग्रवाल कोरबा एवं लायन नितिन सूलूजा बिलासपुर की उपस्थिति में होटल कल्चुरी में आयोजित है। उक्त वर्कशॉप में पूडि गवर्नर, एफ डी आई, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन शैलेश अग्रवाल, रायगढ़, लायन प्रकाश चांडक जबलपुर, लायन अनिल झा, डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2, इटारसी एवं लायन अशोक गुप्ता छिंदवाड़ा द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस वर्कशॉप में रीजन चेयरपर्सन लायन राकेश मिश्रा सतना, लायन भगवतशरण अग्रवाल छतरपुर, लायन दुष्यंत सिंह जबलपुर लायन संजय अग्रवाल, परासिया के नेतृत्व में लगभग 33 क्लब के लायंस पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक लायन भरत अग्रहरि एवं सह संयोजक लायन उमेश जैन तकनीकी सहा.लायन यशवंत सेंगर तथा आयोजक लायंस परिवार जबलपुर है।

आयुष्मान कार्ड अब बनना हुआ आसान

कलेक्टर एवं निगमायुक्त की पहल पर नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों और वार्डो में बन रहे हैं कार्ड

जबलपुर,यशभारत। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप कम आय वर्ग के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने आयुष्मान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत सभी पात्र नागरिकों का आयुष्मान कार्ड भी आसानी से बनाये जा रहे हैं। इस योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले इसके लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों एवं वार्डो में आयुष्मान कार्ड विशेष काउंटर लगाकर कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस संबंध में सहायक आयुक्त एवं योजना के नोडल अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि आयुष्मान के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान करने के लिए सभी 16 संभागीय कार्यालयों एवं 79 वार्डो में विशेष काउंटर लगाकर कार्ड बनाने की व्यवस्था कराई गयी है। उन्होंने बताया कि पात्र नागरिकों के द्वारा बड़ी संख्या में कार्ड बनवाये भी जा रहे हैं। सहायक आयुक्त श्रीमती जैन ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर एवं निगमायुक्त की सार्थक पहल से सभी को आसानी पूर्वक आयुष्मान कार्ड बनाकर दिये जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने शहर के सभी पात्र नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाकर शासन की योजना का लाभ लेने अपील की है। पात्र नागरिक नगर निगम के संभागीय कार्यालयों में पहुँचकर संभागीय अधिकारियों से सम्पर्क कर कार्यालयों एवं वार्डो में आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ ले सकते हैं।

श्रेया पटेल का श्रेष्ठ भारत कैंप के लिए चयन

जबलपुर, यशभारत। माता गुजरी महिला महाविद्यालय की छात्रा श्रेया पटेल ने दिल्ली स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपनी प्रस्तुति दी। इस छात्रा का सिलेक्शन 2 एमपी गल्स बटालियन में से एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर कैंप के लिए हुआ था । इस आयोजन में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से एक-एक एनसीसी के कैडेट का चयन किया गया था। शहर के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी वकील पटेल एवं मालती पटेल की पुत्री श्रेया पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश को रिप्रेजेंट करने के लिए उन्होंने बैगा आदिवासी जनजाति की ड्रेस पहनी थी वह बताती है कि जब वे मध्य प्रदेश के मैप में बैठी थी तब प्रधानमंत्री ने उनके बीच आकर बात की एवं कैडेटों का उत्साह वर्धन किया।

पात्र केंद्र कर्मियों को संशोधित जोखिम भत्ता स्वीकृत

कार्मिक मंत्रालय ने7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया

जबलपुर यशभारत। सुरक्षा संस्थानों में खतरनाक रसायनों के बीच बम बारूद का काम करने वालों के साथ विभिन्न विभागों के उन कर्मचारियों अधिकारियों के लिए संशोधित जोखिम भत्ता की मंजूरी दे दी है।जोखिम भत्ता गत 2 सितंबर 2022को कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय से जारी कार्यालयीन दिनांक से प्रभावी होगा।आदेश में कहा गया है कि वे कर्मचारी अधिकारी जो नुकसान देह परिस्थितियों में काम कर रहे हैं और एक समय बाद उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है उनके लिए 7वें वेतन आयोग की अनुशंसा पर जोखिम भत्ता संशोधित किया जा रहा है।जो आदेश जारी दिनांक से प्रभावी होगा।संशोधित जोखिम भत्ता अकुशल कर्मचारी को 90 रुपये से लेकर डेंजर बिल्डिंग में काम करने वाले अधिकारी का9सौ रुपये तक होगा।सुरक्षा निर्माणियों में डेंजर बिल्डिंग वर्कर से लेकर विभिन्न मंत्रालयों के विभागों में भूमिगत नालियों सीवर लाइन कचरा संग्रहित स्थान के साथ संक्रामक रोगों वाले अस्पताल में काम करने वाले स्वीपर सफाई वाला कर्मचारियों को पूर्व के अनुसार तय आधार पर2 सितंबर 2022से लागू होगा।अकुशल कामगार 90रुपये अर्ध कुशल 135 रुपये कुशल 180 रुपये पर्यवेक्षक 225 रुपये अराजपत्रित अधिकारी जो नाइट्रिक ग्लीसरीन निर्माण में लगे हैं उन्हें 405 रुपये इन्हीं परिस्थितियों में लगे राजपत्रित अधिकारी 675 रुपये और डेंजर बिल्डिंग में काम करने वाले अधिकारी को 9 सौ रुपये जोखिम भत्ता दिया जाएगा।आदेश में यह भी स्पष्ट है कि जोखिम भत्ता वेतन का हिस्सा नहीं होगा। अपितु उनके ऊपर वर्णित परिस्थितियों के अनुसार लागू होगा।

44 इंच बरसात के बाद भी उमस

जबलपुर, यशभारत। 44 इंच वर्षा होने के बाद भी उमस बनी हुई है, जो इस बात का संकेत है कि और बारिश होगी। तापमान भी औसत से ऊपर चल रहा है, जिसके कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। बादलों की बसाहट ने उमस बढ़ा दी है।स्थानीय मौसम केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय बादलों की वजह से बने लो प्रेशर के कारण शहर के कुछ हिस्सों में गुरुवार की रात जोरदार बारिश हुई। आज भी सुबह से मौसम खुला रहा, धूप भी निकली। सूर्य की तपन और उमस के बीच तापमान औसत से ऊपर निकल गया है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक स्थानीय बादलों के कारण वायुमण्डल में कहीं-कहीं हवा के कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय बना रहता है। जिसके कारण खण्ड खण्ड वर्षा हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 64 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदयसुबह 5.53 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.26 मिनिट पर हुआ। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1144.5 मिमी (लगभग 44 इंच) दर्ज की जा चुकी है।

संस्कारधानी में गणेश उत्सव की धूम

जबलपुर,यशभारत। गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। पूजा पंडालों में प्रथम पूज्य भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर श्रद्धालुओं ने मोदक का भोग लगाया। गणेश मंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए गणेश भगवान की विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजन किया जा रहा है। गणपति बप्पा मोरया के जय-जयकारों से पूजा पंडाल समेत आसपास का वातावरण हो रहा है। गोरखपुर पंसारी मोहल्ला स्थित 46 साल पुराने लड्डू गणेश मंदिर में भक्तों ने भवागन गजानन को देशी घी के लड्डुओं का भोग लगाया गया। गणेश मंदिर है। भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमा का आर्कषण इतना है कि इसे देखते ही श्रृद्धालु कुछ देर तक इसे निहारते रहते हैं।

समस्त पुराणों एवं वेदों के लेखक हैं भगवान श्री गणेश-ब्रह्मर्षि राम बहादुर

श्री सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट में श्री गणपति जन्म महोत्सव के चतुर्थ दिवस भगवान के गजकर्ण स्वरूप का लाल वस्त्रों से श्रंगार कर मेवों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा द्य मंदिर में प्रवचन करते हुए संस्थापक महंत ब्रह्मर्षि राम बहादुर महाराज ने कहा कि भगवान श्री गणेश विद्या एवं बुद्धि के देव हैं विद्यार्थियों के लिए भी आदर्श एवं प्रेरक हैं समस्त पुराणों वेदों के लेखक भगवान श्री गणेश जी हैं वेदव्यास जी बोलते जाते थे और श्री गणेश जी लेखन करते थे शुक्रवार को भगवान का लाजा से सहस्त्रार्चन किया गया द्य इस अवसर पर रुद्रांश तिवारी, रिचा खन्ना, राजकुमार ,महादेव ,साधना सिंगरहा, श्रीमती सरला राम बहादुर तिवारी ,पूजा, दीपिका, शुभम, चैतन्य आदि की उपस्थिति रही।

कर्मचारी जगत

कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित रखना चाहती है सरकार

पदोन्नति न होने से प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों में आक्रोश

जबलपुर,यशभारत। म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की विगत लगभग 10 वर्षों से राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो रही है कर्मचारी बिना पदोन्नति के ही सेवा निवृत्त हो जा रहे है। उक्त तारतम्य में राज्य शासन द्वारा पदोन्नति हेतु मंत्री समूह की पदोन्नति समिति का गठन किया गया है, उक्त कमेटी की अनेकों दौर की बैठक होने के बाद भी पदोन्नति पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। पूरे देश में केवल म.प्र. शासन द्वारा अपने कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित रखा गया है। पदोन्नति की इस हीला हवाली से ऐसा प्रतीत होता है की शासन अपने कर्मचारियों को कभी सर्वोच्च न्यायालय के नाम पर कमी कर्मचारी संगठनों के आपसी मतभेद के नाम पर पदोन्नति से वंचित रखना चाहती है। शासन की इस कर्मचारी विरोधी नीति से प्रदेश के लगभग 10 लाख कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मन्सूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, आशुतोष तिवारी, डॉ0संदीप नेमा, बृजेश मिश्रा, एस.पी.वाथरे, वीरेन्द्र चन्देल, सुरेन्द्र जैन, नेतराम झारिया, संतकुमार छीपा, श्रीराम झारिया, श्यामनारायण तिवारी, योगेन्द्र मिश्रा, महेश कोरी, मनीष लोहिया, संतोष तिवारी, प्रियांशु शुक्ला, विनय नामदेव, पवन ताम्रकार, विष्णु पाण्डे, मनोज सेन, धीरेन्द्र सोनी, मो.तारिख, मनीष शुक्ला, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति पर शीघ्र निर्णय लिया जाये।

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन कर्मियों को किया जाए नियमित

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ विभागीय समिति नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के विभागीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया है कि मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री अजय कुमार दुबे, जिलाध्यक्ष रविकांत दहायत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जबलपुर जिला कलेक्टर को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज जबलपुर में कार्यरत ठेका कर्मचारियों को नियमित करने, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने, नई परिवीक्षा नीति 70, 80, 90 प्रतिशत के हिसाब से वेतन निर्धारण समाप्त कर पूर्व भाती करने, स्वशासी कर्मचारियों का सातवें वेतनमान का 27 माह का एरियस प्रदान करने, नए शासकीय आवास बनाने, एक ही विभाग में दो तरह के आदेश प्रथा को समाप्त करने की मांग की गई है इस दौरान संघ के प्रदेश आईटी सेल, उपाध्यक्ष विपिन पीपरे, संभागीय महामंत्री सहदेव रजक, राजेन्द्र चतुर्वेदी, रविंद्र राय, अशोक बाल्मिक सुरेश बाल्मिक कमल मुद्गल कमलेश लौहौरी, विकास डेहरिया, शिशुपाल गुर्जर, देवेन्द्र अहिरवार, मनोज मिश्रा, मोहन पटेल, अमर सिंह, राजपूत टिंकू बालवीर, मंतोष ठाकुर, सोनू सेन, शिवचरण, अभिषेक, बाल्मिक, बबीता बर्मन, सुरैया बेगम, बबीता कोरी, गुलफाम, राजा लाहोरी, आकाश कोरी उपस्थित रहे।

प्रांताध्यक्ष भदौरिया का जबलपुर की विभिन्न तहसीलों में कर्मचारियों से संपर्क

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रांताध्यक्ष उदित भदौरिया के जबलपुर जिले में आगमन के साथ ही विभिन्न तहसीलों में जाकर कर्मचारियों से मुलाकात कर बैठक आयोजित की गयी. बरगी मे कर्मचारियों की बैठक मे कर्मचारी समस्याओं और ज्वलंत मुद्दों पर विचार किया गया. शिक्षको की समस्याओं पर वेतन विसंगति से लेकर समयमान इत्यादि पर चर्चा हुयी. प्रांताध्यक्ष महोदय श्री उदित भदौरिया ने आश्वस्त कराया कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए पुरजोर प्रयास किये जाएगें । बैठक में रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉर्बट, दिलीप सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकरे, सुनील झरिया, उमेश सिंह ठाकुर, रवि जैन, मानसिंह आर्मो, नीरज मरावी, नीरज वर्मा, रामदयाल इरपाचे, अफरोज खान, विजय झरिया, भोला सिंह, देवेंद्र पटेल, कुलदीप सिंह, रामदयाल उइके मनीष झरिया इत्यादि सम्मिलित रहे ।

पर्वराज पर्युषण पर अभिषेक पूजन के साथ धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों की धूम

जबलपुर ,यशभारत। पर्वराज पर्युषण के आज चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की आराधना की गई। दस दिनी पर्यूषण पर्व उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आजव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, अिंवसचन, ब्रम्हाचर्य का धर्म की साधना, आराधना और संकल्प की आराधना की जाती है। सुबह से ही जैन धर्मावलंबी पाले वस्त्र पहनकर मंदिर पहुंचे। भगवान को जल स्नान करने के उपरांत पाठ किया। अनेक महिला-पुरुषों ने व्रत भी रखा है। दसलक्षण को आत्मसात करने का हर कोई अविंसचन प्रयास अवश्य करता है। नगर के सभी जैन मंदिरों में परम्परागत ढंग से भीड़ उमड़ रही है। लार्डगंज जैन मंदिर कमानिया गेट, आदिनाथ जैन मंदिर गोलबाजार, बड़ा जैन मंदिर हनुमानताल सहित शहर के लगभग सभी जैन मंदिरों में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। श्री विद्यासागर संस्कार वाटिका के तत्वावधान में महिला मंडल द्वारा माँ की महिमा का नाट्य रूपांतरण बच्चों द्वारा उत्साह पूर्वक पार्श्वनाथ दि-जैन मंदिर शिवनगर मे आयोजित किया जिसमें भारी संख्या में समाज जनों ने आनंद लिया। पर्वराज पर्युषण पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजन, जिन भक्ति भजन और नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर झुमरी तलैया फूटाताल में प्रवचन तत्वार्थ सूत्र वाचन, प्रश्न मंच, महाआरती के साथ विविध धार्मिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। दिगम्बर जैन नन्हें मंदिर हनुमानताल में जैन पर्युषण पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

गणेश पंडाल समितियों ने नहीं लिया अस्थाई विद्युत कनेक्शन, बिजली कंपनी की चिंता बढ़ी, कहा- नोटिस देंगे

जबलपुर, यशभारत। गणेश उत्सव शुरू हो गया है। गणेशोत्सव पर शहर में हजारों प्रतिमाएं पंडाल में रखी हुई हैं। इनमें से अधिकतर समितियों ने अभी तक अस्थाई कनेक्शन के लिए समितियों द्वारा बिजली आफिस में आवेदन नहीं दिए गए हैं। बिजली अधिकारियों ने गणेश पंडाल समितियों को नोटिस देकर कनेक्शन लेने का कहा गया है। इसके बाद शुक्रवार से अधिकारियों की टीमों द्वारा शहर में अभियान चलाकर समितियों की जांच की जाएगी। जांच के दौरान यह भी देखा जाएगा की समितियों द्वारा बिजली और आग से सुरक्षा के प्रबंध किए हैं कि नहीं। यदि समितियों द्वारा सुरक्षा के प्रबंध नहीं किए जाते हैं तो ऐसी समितियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शहर में अभी तक बहुत कम टीसी कनेक्शन लिए गए हैं। इसके कारण बिजली अधिकारियों को इसकी चिंता सता रही है।गुरुवार की रात में वर्षा के चलते बिजली की सप्लाई भी प्रभावित रही, इससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार पश्चिम संभाग क्षेत्र के ओमती में इंसुलेटर फर्स्ट हो जाने एवं नौदरा ब्रिज के पास केबल फटने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद हो गई। इसी तरह गढ़ा क्षेत्र के लोगों को बिजली बंद होने से परेशान होना पड़ा। एस ई सुनील त्रिवेदी ने बताया कि घंटाघर सब स्टेशन में स्पार्क हुआ था जिस वजह से इलाके में बिजली सप्लाई बंद हुई। लोगों को घंटो तक बिना बिजली के रहना पड़ा। बारिश होने के चलते बिजली के सुधार करने में बिजली विभाग के अमले को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के ओमती के पास बारिश के चलते इंसुलेटर फर्स्ट हो गया और नौदरा ब्रिज के पास केबिल जल गई। इससे क्षेत्र की बिजली बंद हो गई।

जबलपुर जिले के अजितेश लखेरा ने मारी बाजी

म.प्र. हिंदी ग्रंथ अकादमी की स्वर्ण जयंती पर निबंध प्रतियोगिता

जबलपुर यशभारत। मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल म.प्र. के सहयोग से म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्वर्ण जंयती के उपलक्ष्य में जबलपुर संभाग संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता विषय = विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 का आयोजन दिनांक 02/09/2022 संभागीय कार्यालय स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना जबलपुर संभाग, शासकीय अग्रणी महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वषासी महाविद्यालय जबलपुर में किया गया। संभाग स्तर निबंध प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के अतंर्गत जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, छिंदवा ?ा, सिवनी, बालाघाट जिलों में आयोजित हुई जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम विजेता प्रतिभागियों ने सहभागिता की। पुरस्कार वितरण अशोक रोहाणी, विधायक, केंट जबलपुर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। जिसमें रोहाणी जी ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भाषा परिमार्जन में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की महती भूमिका है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अजितेश लखेरा, शा. आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर, द्वितीय स्थान राखी कनोजे, शासकीय महावि. वारासिवनी, बालाघाट तृतीय स्थान अंजली ब्यौहार, शा. चंद्रविजय महावि. डिंडौरी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान निधि, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं हिंदी ग्रंथ अकादमी की 03 पुस्तकें मुख्य अतिथि द्वारा भेंट कर पुरस्कृत किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन, जबलपुर संभाग ने बताया कि शासन की मंशानुसार जबलपुर संभाग संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त विजेता 14 सिंतबर 2022 को होने वाली प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें।पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, जिला नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए. सी.तिवारी, डॉ. राजेन्द्र कुरारिया, डॉ.ए.के.पंचारिया जिला नोडल अधिकारी बालाघाट के साथ जबलपुर संभाग के 08 जिलों के सहभागी विद्यार्थी उपस्थित रहें। निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. मीना केलर, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. बलिराम अहिरवार में रहे।

शिक्षक की पीड़ा

जिसने जन्म दिया उसका इलाज नहीं करा पा रहा हूं

जबलपुर, यशभारत। स्कूल शिक्षा विभाग के लाखे और कोशिशों के बाबजूद शिक्षकों की समस्याएं दूर होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला बघराजी बालक स्कूल के सहायक शिक्षक से जुड़ा है। शिक्षक अपनी मां का इलाज कराना चाहता है और उसे इसके लिए खुद के जीपीएफ राशि की जरूरत है। परंतु जानकर हैरानी होगी कि अप्रैल से जीपीएफ पाने के लिए सहायक शिक्षक की चप्पल घिस गई है लेकिन जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी जीपीएफ की फाइल में साइन करने तैयार नहीं है।

बघराजी बालक स्कूल के सहायक शिक्षक जीपीएफ के लिए भटक रहा है

सहायक शिक्षक सिराज खान ने बताया कि 80 साल की मां को हार्ट की बीमारी है साथ ही बाइक से गिरने के कारण हाथ-पैर में भी चोट हैं। मां की बीमारी में लाखों रूपए खर्चा आ रहा है उसके पास इतनी जमापूंजी नहीं है कि वह मां का इलाज करा सकें। इसके लिए उसने जिला शिक्षा विभाग को जीपीएफ निकालने के लिए अप्रैल 2022 में आवदेन किया था लेकिन 90 प्रतिशत निकालने के लिए विभागीय अधिकारियों ने मना कर दिया। इसके बाद उसने दोबारा आवदेन कर 75 प्रतिशत निकालने का निवेदन किया है परंतु आज तक उसकी फाइल में साइन नहीं किए गए हैं। सहायक शिक्षक का कहना है कि जन्म देने वाली मां का इलाज नहीं कर पाना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है और ऐसी नौकरी में धिक्कार है।

धिक्कार है ऐसी नौकरी पर

मां का दर्द देखा नहीं जाता है, थक गया हूं

सहायक शिक्षक सिराज ने सरकारी सिस्टम से खुद को थका मानकर कहा कि मां दर्द से तड़प रही है, उनका दर्द देखा नहीं जाता है। शिक्षक का कहना है कि अगर उसे जीपीएफ मिल जाएगा तो वह एक बेटे होने का फर्ज अदा कर पाएगा।

खर्चा देने पर ही फाइलों पर साइन होते हैं

सहायक शिक्षक का कहना है कि जीपीएफ प्रकरण लंबित होना कोई नहीं बात नहीं है। बहुत से प्रकरण लंबित है लेकिन उन प्रकरणों की फाइलों में साइन होता है जो अधिकारियों को खर्चा देते हैं।

जीपीएफ की राशि क्या मतलब

सहायक शिक्षक सिराज का कहना है कि शिक्षक जीपीएफ राशि इसलिए जोड़ता है कि उसे बुरे वक्त में इस्तेमाल कर सके। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कारण वह इस राशि का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है।

साढ़े पांच करोड़ की चोरी का खुलासा करने पर एसपी सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर पुलिस के लिये चुनौती बनी पायल वाला गोल्ड शारूम में हुई साढ़े पांच करोड़ की नकबजनी का 15 दिन के अंदर खुलासा करते हुये तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुराये हुये सोने के जेवर वजनी 10 किलो 252 ग्राम 070 मिली ग्राम कीमती 5 करोड़ 43 लाख 43 हजार 500 रूपये के एवं घटना में प्रयुक्त कटर, इनोवा एवं मोटर सायकिल जब्त करने पर पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल द्वारा अखिलेश दीक्षित, मनीष जैन(कल्लू)राजेन्द्र चौधरी, शशिकांत सोनी की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुये बधाई दी गयी।

9वीं की छात्रा को गर्भवती कर प्रेमी फरार

घर में अकेला पाकर बार-बार किया बलात्कार, इंस्टाग्राम से हुई थी मुलाकात

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के गोरखपुर में 9 वीं कक्षा की छात्रा के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 19 वर्षीय प्रेमी युवक ने पहले इंस्टाग्राम में फांसकर,नाबालिग को अपने झूठे प्रेम का भरोसा दिया और फिर उसके घर जाकर बार-बार दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब हैवानियत की शिकार नाबालिग पांच माह के गर्भ से हो गयी। परिजनों ने जब नाबालिग से पूछताछ की तब कहीं जाकर मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज की। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर, आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गा नगर निवासी 15 वर्षीय नाबालिग ने शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि वह कक्षा नौवीं की छात्रा है। उसके स्कूल के पास मार्च 2021 में अंकित मिला जिसने उसे घर तक छोड़ दिया। उसी दिन से वह उसके घर का पता जानने लगा और अक्सर आकर घर के सामने खड़ा हो जाता था।

ठेला लगाते है पिता, आर्थिक स्थिति है जर्जर

पीड़िता ने बताया कि होली के दूसरे दिन उसकी माता, पिता जी को चाय देने गन्ने के ठेले पर गई थी, तभी आरोपी उसके घर में आ धमका और उसके साथ दुराचार किया। जिसके बाद बार-बार दुराचार किया और शादी का प्रलोभन देकर उसका शोषण करता रहा। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, पड़ताल कर रही है।

खमरिया में भाजपा नेता के परिवार के सदस्य ने किए हवाई फायर

2 साथियों के साथ मिलकर मैगी प्वाइंट में की तोड़फोड़....

जबलपुर, यशभारत। खमरिया थाना क्षेत्र के डुमना रोड स्थित मैगी प्वाइंट में देर रात हुई हवाई फायरिंग के बाद क्षेत्र में हड़कंप है। जहां भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े नेता के परिवार का सदस्य अपने दो दोस्तों के साथ दुकान में पहुंचा और जमकर तोड़फोड़ कर कर, मौके से फरार हो गए। घटना कि शुरुआत रात 7 बजे रेस्टोरेंट में शराब पीने को लेकर हुई थी। जिसकी भड़ास निकालने आरोपियों द्वारा रात 11 बजे इस घटना को अंजाम दिया गया । पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर, मामले को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार गधेरी निवासी पवन यादव मैगी प्वाइंट रेस्टोरेंट चलाता है । जिसने खमरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पवन सोनकर दानिश खान वह कमलेश यादव ने रात 11 बजे उसकी दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की है और गोली चलाई है। मामले के वीडियो आए है। जिसमें एक ओर जहां आरोपी गोली चलाते हुए साफदिख रहे हैं वहीं दूसरी तरफ दुकान का टूटा हुआ सामान इन अपराधियों की हरकत खुद ब खुद बयां कर रहा है। इस पूरे मामले में जो व्यक्ति गोली चला रहा है उसका नाम पवन सोनकर है जो भर्तीपुर क्षेत्र में रहता है। जानकारी के मुताबिक पवन सोनकर भाजपा के बड़े नेता के परिवार से जुड़ा हुआ है और उसके ऊपर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं।

हनुमानताल में सोता रहा गया युवक, घर से बाइक और जेवरात गायब

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल के बड़ा मदार छल्ला में शातिर चोरों ने घर में खड़ी बाइक और अलमारी का लॉक तोड़कर हजारों के जेवरातों में हाथ साफ कर फरार हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित परिजनों सहित घर में सो रहा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, अब सीसीटीव्ही खंगाल रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मोह. सुल्तान 29 वर्ष निवासी बड़ा मदार छल्ला ने पुलिस को बताया कि परिवार सहित घर में सो गया था । आंगन का दरवाजा बंद करना भूल गया था। उसकी बाइक क्रमांक एमपी 20 एन बी 4075 आंगन में खड़ी थी चाबी गाड़ी में लगी थी सुवह लगभग 5 बजे देखे तो गाड़ी आंगन में नहीं थी । कमरे का ताला भी टूटा था अंदर देखे तो आलमारी खुली थी । जिससे एक जोड़ी झुमकी , पायजेब ,मंगलसूत्र गायब थे।

ट्रेन में मारपीट करने वाला आरोपी जीआरपी के हत्थे चढ़ा

जबलपुर यश भारत। ट्रेन में गाली गलौज देकर मारपीट करने वाले एक आरोपी को जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर उस समय दबोच लिया जब पनागर की एक होटल में बैठकर अपने दोस्तों के साथ चाय नाश्ता कर रहा था इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया जिसे बाद में घेराबंदी कर दबोच लिया गया उक्त कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर एएसआई सुशील सिंह संतोष शर्मा एवं रामलाल प्रजापति द्वारा की गई। इस घटना के संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पनागर निवासी 30 वर्षीय कमल केवट पिता अनिल केवट ने विगत 2014 में देवरी एवं जबलपुर के बीच चलती ट्रेन में मारपीट करने के बाद फरार हो गया था रिपोर्ट पर जीआरपी ने मारपीट करने वाले आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था जो जमानत पर रिहा होने के बाद न्यायालय द्वारा दी जा रही पेशी पर नहीं जा रहा था लगातार पेशी में गैरहाजिर होने के कारण न्यायालय द्वारा उसके विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था जिसे जीआरपी ने गंभीरता से लिया और आरोपी की पतासाजी शुरू की इसी दौरान जीआरपी को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई की मारपीट करने वाला युवक पनागर की एक होटल में बैठकर अपने दोस्तों के साथ चाय नाश्ता कर रहा है उक्त जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और मौके पर पहुंची आरोपी को अपनी गिरफ्त में रहने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे कर दिया पकड़ा गया आरोपी विगत 8 साल से पुलिस को चकमा देकर इधर उधर ठिकाने बदल कर रहा था जो बीती रात जीआरपी के हत्थे चढ़ गया।

8 साल से चल रहा था फरार

दुकानदार भाईयों पर बाप बेटे ने बरसाईं लाठियां

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट के तेवर में दुकान संचालक भाईयों पर बाप और बेटे ने लाठियां बरसाकर बुरी तरह घायल कर दिया। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकातय पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि चंदू प्रसाद साहू 35 वर्ष निवासी तेवर ने पुलिस को बताया कि वह किराना दुकान चलाता है । जब वह अपनी किराना दुकान पर था तभी गांव का रामआश्रय कोल उसकी दुकान के सामने गाली गलोज कर रहा था । उसने दुकान के सामने गालियां देने से मना तो रामआश्रय कोल ने लाठी से हमलाकर सिर घायल कर दिया।

पूर्व पार्षद श्रीमति दुर्गा बाई पटेल का निधन

जबलपुर,यशभारत। गढ़ा वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमति दुर्गा बाई पटेल का निधन शुक्रवार को हो गया जिनकी उम्र 80 वर्ष थी वे जगदीश प्रसाद पटेल की पत्नी एवं सुनील पटेल, दिलीप पटेल पूर्व पार्षद गढ़ा वार्ड एवं राजेश पटेल की माता जी थीं अंतिम संस्कार आज चौहानी मुक्तिधाम में किया गया।

1 घंटे बाद चालू हो गई सरा ग्राम की लाइट

ग्रामीणों ने यश भारत के प्रति किया आभार व्यक्त

जबलपुर यश भारत। बोरिया सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सरा ग्राम में विगत 65 घंटे से लाइट बंद होने के कारण जनजीवन काफी प्रभावित था लाइट बंद होने के कारण पूरे ग्राम में अंधकार छाया हुआ था ग्रामीणों की जटिल समस्या को यश भारत ने प्रमुखता से प्रकाशित कर विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों तक यह आवाज पहुंचाई जिसके बाद संबंधित हमला हरकत में आया और खबर प्रकाशन के 1 घंटे बाद ग्राम की कटी हुई बिजली को फिर से जोड़ा गया 65 घंटे से ग्राम में मचे अंधकार के बाद जैसे ही ग्राम में बिजली आई तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना ना रहा और उन्होंने यश भारत समाचार पत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि बोरिया सब स्टेशन के अंतर्गत सरा ग्राम में विगत 30 तारीख से विद्युत कर्मियों द्वारा ग्राम की लाइट काट दी गई थी अधिकारियों का कहना है कि इस ग्राम के विद्युत हितग्राहियों का लाखों रुपए का भुगतान ना होने के कारण इस ग्राम की लाइट बंद कर दी थी वही ग्रामीणों ने यश भारत को जानकारी में बताया कि इस ग्राम में करीब 65 हितग्राही है जिसमें से अनेक हितग्राहियों का बिल का भुगतान हो गया था किंतु विद्युत कर्मियों द्वारा सभी को एक दृष्टि में रखते हुए पूरे ग्राम की बिजली काट दी गई जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त था के साथ ही वर्तमान में गणेश उत्सव पर्व एवं अन्य त्योहार चल रहे हैं किंतु ग्राम में अंधकार होने के कारण सभी त्यौहार फीके फीके लग रहे थे गणेश पंडालों में अंधकार मचा हुआ था ग्रामीण रात के समय घर से बाहर निकलने में जहरीले जीव जंतुओं के कारण दहशत में थे वही गर्मी से बेहाल ग्रामीण विगत 65 घंटों से काफी परेशान थे खबर प्रकाशनक्ष के चंद समय बाद बिजली चालू हुई तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

यशभारत की खबर का असर

धान-सिंघाड़ा की फसल पर ड्रोन से यूरिया का छिड़काव

जबलपुर , यशभारत। शहर में आधुनिक खेती का दौर शुरू हो चुका है। नई-नई तकनीकी का इस्तेमाल कर खेती की जा रही है। इसी के तहत अमृत वर्षा परियोजना अंतर्गत आज पाटन तहसील के ग्राम भोरदा में करीब एक हजार एकड़ में लगी धान और सिंघाड़ा की फसल पर ड्रोन से नैनो तरल यूरिया का छिड़काव किया गया । इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, क्षेत्र के जन प्रतिनिधि तथा कृषि, उद्यानिकी और कृषि से संबद्ध विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे ।

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हबलानी
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
मो. 9340734722, 9300049344
विशेषताएं: रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

न्यायालय तहसीलदार
तहसील अधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्र. / 431/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक 26/8 /2022
// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार धवन पिता केदारनाथ धवन नि. 264 छत्तीसगढ़ के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर में सित खसरा नं 11/3/9 में से रकवा 2578 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में अर्चना धवन पति संदीप धवन के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर दर्ज भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से विरासतन हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संसी को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10.9.22 तक इस न्यायालन में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 26 / 8 /2022
पेशी दिनांक -10/9/2022

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

जाहिर सूचना

महसूल अधिकारी के सामने उपस्थित रहने बाबद
(महाराष्ट्र जमीन महसूल अधिनियम 1966 क कलम 227 अन्वेदो उपविभागीय अधिकारी गोंदिया के न्यायालय)
राअप्रक्र 21/आरटीएस-64/2021-22
कटंगी कला तसाक्र 42 ता.ज़ गोंदिया

प्रति
1 राजकुमार माधवदास कोडवानी रा. ि शिवाजी वार्ड रेलटोली गोंदिया

आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमती शालीनी ज सुनील कुमार जैन रा गणेश नगर गोदिया व इतर 1 इनकी जमीन कटंगीकला में है आर क्रमांक 271/11, 272/11 आराजी 0.27 हे. आर उसका फेरफार क्रमांक 5679 दिनांक 18.11.2010 व 6080 दिनांक 23.8.2011 व 9169 दिनांक 13.2.2019 विरुद्ध प्रस्तुत किया। अपील प्रकरण दिनांक 7.8.2022 रोजी 3 बजे गोंदिया न्यायालय में उपस्थित रहें। आपको सूचित किया जाता है कि दि 7.9.22 बुधवार के दिन उपविभागीय अधिकारी कार्यालय गोंदिया में आवश्यक कागज लेकर अपने वकील मार्फत उपस्थित रहें और जवाब दाखिल करें।

आदेशानुसार
अधिकारी उपविभागीय अधिकारी
गोंदिया करीता

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ADMISSION OPEN
30 वर्षों से तकनीकी शिक्षा में अग्रसर
शासन द्वारा पुरस्कृत/उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान
भारतीय I.T.I.
DGT & NCVT
Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन Two Year Engg. Trade फिटर
छात्रवृत्ति सुविधा व प्रशिक्षण पश्चात् रोजगार के सुअवसर
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
चौरसिया होटल के सामने, शारदा चौक, मदन महल, जबलपुर
0761:4003860, 9425150550, 8770094210, 7974960286

जल शुल्क की कड़ाई से होगी अब वसूली

जबलपुर, यशभारत। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली और विभागीय प्रमुख को अपने विभाग से संबंधित कार्यो को अपनी निगरानी में निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जलशुल्क को कड़ाई से वसूल करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन करदताओं के द्वारा 2 से 5 साल तक जल उपभोक्ता शुल्क नहीं चुकाया है, उनके नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिये।कर वसूली का लक्ष्य प्रतिमाह बढ़ाने पर विशेष जोर दिया और सभी को निर्देशित किया कि एक-एक करदाताओं के घर राजस्व अमला पहुँचे और उन्हें समय के पूर्व कर देयक उपलब्ध कराएँ ताकि करदाता समय पर निगम को बकाया कर की राशि जमा कर सकें। निगमायुक्त ने इसके लिए घर-घर बिल वितरण के कार्यो को सर्वोच्य प्राथमिकता देते हुए करने के निर्देश दिये।उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व अमला बिल वितरण के साथ-साथ रजिस्टर मेंटेन करें, सर्विस बुक को कम्पलीट तरीके से भरें और वार्ड भ्रमण के दौरान यह भी देखें कि जिन करदाताओं के द्वारा टैक्स भरा जा रहा है उनकी जानकारी सही रूप से निगम रिकार्ड में दर्ज है अथवा नहीं। यदि सही दर्ज नहीं है तो भ्रमण के दौरान ही पंजी रजिस्टर में पूरा मेजरमेंट का लेखा-जोखा दर्ज करें और तत्काल नए सिरे से करों की गणना कर कर निर्धारण करें। उन्होंने सितंबर माह में 45 करोड़ वसूली का लक्ष्य दिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त महेश कुमार कोरी, उपायुक्त पी एन सनखेरे, करसंग्रहिता, राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

हिन्दी महोत्सव का आयोजन नए स्वरूप और आकर्षक ढंग से होगा

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति द्वारा हिन्दी महोत्सव 2022 का आयोजन इस बार नए स्वरूप व आकर्षक ढंग से किया जाएगा। इस बात का निर्णय आज हिन्दी समिति के अध्यक्ष एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशासन) श्री राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, पावर जनरेटिंग कंपनी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संयुक्त सहभागिता में हिन्दी महोत्सव 2022 का आयोजन तीन दिवसीय होगा। हिन्दी महोत्सव में तत्कालिक भाषण, लेखन व हिन्दी साहित्य, व्याकरण व भाषा विज्ञान पर केन्द्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिताओं को नए स्वरूप और सहज व सरलीकृत ढंग से आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन में विवेचना रंगमंडल के कलाकार, प्रेमचंद, हरिशंकर परसाई व सुनील गंगोपाध्याय की कृतियों पर नाट्य मंचन प्रस्तुत करेंगे। रंगकर्मी हिन्दी कविताओं की सांगीतिक प्रस्तुति देंगे। इन प्रतियोगिताओं में जबलपुर स्थित विद्युत कंपनियों के नियमित व संविदा कार्मिकों के अलावा बाह्यसेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिक भी भाग ले सकेंगे।

प्रेमचंद, हरिशंकर परसाई और सुनील गंगोपाध्याय की कृतियों पर नाट्य मंचन

कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर म.प्र.
संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले जिला /संभागीय / राज्य शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में दो समय भोजन एवं सुबह का नाश्ता कराने हेतु अधिकृत फर्म से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अधोहस्ताक्षर कर्ता के शास. कमला नेहरू कन्या उ.मा.वि. गंजीपुरा जबलपुर स्थित कीडा कक्ष से दिनांक 02/09/22 से 2000/- रूप्ये दो हजार मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के नाम देय हो, को कार्यालयीन समय में शास. कमला नेहरू कन्या उ.मा.वि. गंजीपुरा जबलपुर स्थित क्रीडा कक्ष में जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दर्शित की गई हैं। इच्छुक निविदा कर्ता अपनी दरें निर्धारित स्थल एवं समय पर जमा करें। सीलबंद निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16/09/2022 को 02.00 बजे तक शास. कमला नेहरू कन्या उ.मा.वि. गंजीपुरा जबलपुर स्थित कीडा कक्ष में कार्यालयीन दिवसों में निविदा बाक्स में डाली जा सकेगी।
4. निविदा दिनांक 16/09/2022 को 04.00 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के शास. कमला नेहरू कन्या उ.मा.वि. गंजीपुरा जबलपुर स्थित क्रीडा कक्ष में उपस्थित निविदा कर्ताओं एव कय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला जबलपुर

जी-16209/22

संपादकीय

जागरूकता से ही महिला सशक्तीकरण संभव

यह विडंबना ही है कि देश की सबसे छोटी संसद के जरिये राजनीतिक-सामाजिक जीवन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिये जो व्यवस्था स्थापित की गई थी, उसे पुरुष प्रधान समाज के वर्चस्व ने निष्प्रभावी बना दिया है। जिसके चलते चुनाव तो महिला प्रत्याशी के नाम पर लड़ा जाता है, लेकिन कामकाजी व्यवहार महिलाओं के पति ही करते हैं। ऐसे में महिला सशक्तीकरण के लक्ष्यों को पलीता लगता नजर आता है। दरअसल, पहले से ही राजनीति में दखल रखने वाले लोग अपनी सीट के आरक्षित होने पर परिवार की महिलाओं को पंचायतों के चुनाव में खड़ा तो कर देते हैं, लेकिन उसका मकसद पर्दे के पीछे से राजनीति करना होता है। हद तो तब हो जाती है जब निर्वाचित महिलाओं के पति ही ब्लॉक व जिला स्तर पर होने वाली बैठकों में बाकायदा शिरकत करते हैं। ऐसे में इस गैरकानूनी परंपरा को खत्म करने की दिशा में पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार की पहल स्वागतयोग्य है। सरकार ने 'सरपंच पति' प्रथा को बिल्कुल बर्दाश्त न करने की बात कहते हुए आदेश दिया है कि महिला सरपंचों के पति या रिश्तेदार अब छद्म रूप में विभागीय कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे। पंजाब सरकार ने इस बाबत घोषणा कर दी है कि ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली आधिकारिक बैठकों में निर्वाचित महिला ब्लॉक प्रमुखों को ही भाग लेना होगा। नि:संदेह यह पहल यदि समय रहते कर ली गई होती तो पद के दुरुपयोग की खबरें नहीं आती। देर से ही सही, सरकार के इस कदम का स्वागत किया जाना है। अक्सर यह बात कही जाती है कि करीब अस्सी फीसदी महिला सरपंच कठपुतली के रूप में काम करती हैं। हाल में कानूनी व्यवस्था का मजाक उड़ाने का मामला मध्य प्रदेश में उस समय सामने आया था जब वहां तीन निर्वाचित सरपंचों के पुरुष परिजनों को बेशर्मी से शपथ दिलायी गई। इसमें दो राय नहीं कि वर्ष 1992 में ग्राम पंचायतों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में कानून में संशोधन करके एक बदलावकारी पहल की गई थी। मकसद यही था कि राजनीति के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की आकांक्षी महिलाओं को सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। लेकिन प्रॉक्सी सरपंच की बीमारी महिलाओं के अधिकारों का अतिक्रमण करने लगी। नि:संदेह, यह समाज में पुरुष वर्चस्व की मानसिक ग्रंथि का ही विस्तार है जो निर्वाचित महिला सरपंचों को निर्णय लेने के अधिकार से वंचित करती है। दरअसल, वर्ष 1992 में कानून में संशोधन करके पंचायतों में महिलाओं को तैंतीस फीसदी आरक्षण इस मकसद से दिया गया था कि महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त किया जाये। लेकिन आज तीन दशक गुजर जाने के बावजूद अपेक्षित बदलाव नहीं आ पाया है। इस निर्णय के मूल में यह सोच थी कि राजनीतिक प्रशिक्षण व अनुभव से स्थानीय निकायों से निकली महिला प्रतिनिधियों के जरिये विधानसभा व लोकसभा को योग्य महिला प्रतिनिधि मिल सकेंगे। साथ ही नारी सशक्तीकरण का लक्ष्य भी पूरा हो सकेगा। मगर निकायों की कार्यप्रणाली में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी नाममात्र की ही रह गई। छद्म सरपंचों की सक्रियता से जमीनी हकीकत का पता चलता है। महिला प्रतिनिधि तो नाममात्र के लिये सरपंच बनी होती हैं जबकि सत्ता का आनंद उनके पति व रिश्तेदार ही उठाते रहते हैं। राजनीति की विकृति ऐसे प्रॉक्सी सरपंचों का पोषण करती नजर आती है। वैसे सुखद यह कि जिन आरक्षित सीटों पर वास्तव में महिला प्रतिनिधियों को काम करने का अवसर मिला, वहां विकास के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए महिला सरपंचों ने अपने पुरुष समकक्षों के मुकाबले बेहतर काम करके दिखाये। कार्यशैली में बदलाव के साथ ही सुरक्षित प्रसव, बेहतर जल सुविधाओं, स्वच्छता, सड़कों का रखरखाव, स्कूलों की स्थिति में सुधार व सिंचाई में महिला सरपंचों ने सफलता की नई कहानी लिखी हैं। कह सकते हैं कि ये महिला सरपंच मौन क्रांति की इबारत लिख रही हैं। निस्संदेह यदि सभी महिला सरपंचों को पितृसत्तात्मक नियंत्रण से मुक्त कर दिया जाये तो ग्रामीण विकास में नये आयाम जुड़ जायेंगे।

व्यंग्य

हम तो बोलेंगे

आजकल लोगों को बोलने की बीमारी सी हो गई है। जहां बोलना चाहिये,, वहां पर तो बोलते नहीं है। लेकिन जहां बोलना नहीं चाहिये,, वहां बोलते रहते हैं । और कुछ भी बोलते रहते हैं। बाद में अपने मित्रों से पूछा करते हैं,,,, मेरा भाषण कैसा रहा। मजबूरी में मित्र भी कह देते हैं। शानदार रहा बधाई हो,,,। आप में मंच पर बोलने की बहुत अच्छी कला है। यह प्रसंशा सुनकर भाषण बाज मित्र, अपने सभी मित्रों को दूसरे दिन पार्टी भी दे देते हैं। मंच से जुड़े लोगों में यह बीमारी बड़े पैमाने पर है। जिन्हें बोलने दिया जाता है,,, वही कार्यक्रमो में आते हैं। वर्ना आते नहीं,, उन्हें खुद कुछ हो जाने का भ्रम हो जाता है । और यदि आते भी हैं तो कुछ भी बोलते रहते हैं। विषय से हटकर ज्यादातर बोलते हैं। क्योंकि जिस विषय पर उन्हें बोलने के लिए कहा जाता है, उस पर उनकी कोई तैयारी ही नहीं रहती है। वह खुद को बहुत बड़ा विशेषज्ञ और ज्ञाता समझ कर बोलते रहते हैं। उनकी वरिष्ठता और उम्र का ध्यान रखकर लोग उन्हें सुनते रहते हैं। कई दफा उनको चले जाने का ईशारा भी,,, बीच में तालियां बजाकर दर्शक कर देते हैं। जिसे वह अपनी तारीफ समझ कर और जोर-जोर से बोलने लग जाते हैं । एक कार्यक्रम में किताब का विमोचन होना था। बहुत से विद्वानों को बुलाया गया। लेकिन एक एक कर सभी ने मंच पर बैठे आठ,दस लोगों का ही ज्यादातर बखान किया । उनकी तारीफ़ में कसीदे पढ़े । उनकी दिनचर्या तक का बखान कर डाला,, और वह मंच पर बैठे बैठे मुस्कुराते हुए हाथ जोड़ते रहे,,, फोटो खींचने वालो की तरफ बार-बार देखते रहे। किन्तु जिस पुस्तक पर चर्चा के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। उस पर संक्षेप में बोलते रहे । पता नहीं क्या बोलते हैं, बोलते बोलते साहित्य की भाषा भूल कर, कई दफा राजनीति की भाषा भी बोलने लगते हैं । और कुछ तो इतने हट धर्मी होते हैं,,, कि वह माइक पकड़ते ही कह देते हैं,,, कि मुझसे पहले आये वक्ता ने तीस मिनट बोला है। इसलिये मैं उनसे ज्यादा बोलूंगा। और फिर वह बोलते रहते हैं । सुनने वाले अंगड़ाइयां लेते हैं। एक दूसरे से बातें भी करने लगते हैं । इसका बोलने वाले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वह बोलते ही रहते हैं, या फिर माहौल बदलने के लिए कोई चुटकुला छोड़ देते हैं। जिससे लोग उनकी तरफ आकर्षित होकर उन्हें सुने, या फिर तालियां बजवा देते हैं। और फिर बोलने लग जाते हैं।

मंच संचालक भी आजकल,,, मंच संचालन की कला को ध्वस्त कर रहे हैं। वह आने वाले वक्ता की तारीफ मैं बहुत सा समय खा जाते हैं। अपनापन दिखाने के लिये । और जब वह वक्ता बोल कर चला जाता है। तो भी उसने क्या बोला है,, उसकी समीक्षा करने में लग जाते हैं। कुछ समय उसमें भी खा जाते हैं । जबकि संचालन एक बहुत ही प्रिय कला है। जो अब शनै शनै लुप्त सी होती जा रही है। आजकल के संचालक भी सिर्फ उन्हीं लोगों की तारीफ करते रहते हैं । जो उनके अपने सगे होते हैं । अथवा जिन्हें उनसे कुछ अपनापन या कोई प्रकार का भाव होता है । दर्शक दीर्घा में बैठे लोग अपनी मुंडी उठा उठा कर देखते रहते हैं, कि संचालक एक बार उन्हें देखकर उनका नाम ही बोल दे । लेकिन संचालक ऐसा नहीं करते हैं। तब वह सज्जन जो मुंडी उठा उठा कर संचालक की तरफ देख रहे थे,, मन ही मन आक्रोशित होकर सभा स्थल से उठ कर चले जाते हैं। मैं भी उनमें खुद शामिल हूं। लेकिन मैं उठ कर भागता नहीं हूं।

नेताओं को बोलने की आदत कुछ ज्यादा ही होती है। और जब वह बोलना शुरू करते हैं,, तो मंच पर बैठे दूसरे नेता उन्हें अपना भाषण बंद करने को भी कहते हैं। लेकिन वह बोलते ही रहते हैं। ऐसी स्थिति में कभी-कभी मंचों पर झगड़ा भी हो जाते हैं।तब लोग बोलने वाले को पकड़ कर, खींच कर, बैठाने की कोशिश करते हैं । किन्तु बोलने वाला भी,,, एक हाथ से माईक पकड़ कर बोलता ही रहता है। तब झगड़ा उत्पन्न हो जाता है । और जिसने मंच बनाने में मेहनत की है,,, वह चिल्ला कर कहता है,, कि जनता जाने लगी है,,, और मुझे बोलने का अवसर तक नहीं मिल पा रहा है। मैंने रात दिन मेहनत करके ऐसी तैसी करवाई है। तब यह मंच सजाया है। फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। तब कभी-कभी अपशब्दों के साथ साथ मंच पर मारपीट के दृश्य भी देखने को मिल जाते हैं । मारपीट के दृश्य तो आजकल राष्ट्रीय समस्या बनती जा रही है। राज्य सभा, और लोकसभा, संसद में, टीवी डिबेट, में भी देखने को मिल जाती हैं। यह सब बोलने वालों के कारण ही होता है ।

अधिक बोलना हानिकारक होता है। बुजुर्ग कहते हैं,,,, कम से कम बोलना चाहिये। लेकिन कौन समझाये इन बोलने वालों को,,,, मंच ही नहीं कवि सम्मेलनो में भी यही हाल है, लोग जब कविता पढ़ने जाते हैं,,,, तो अपनी चार पांच कविताएं एक साथ पढ़ डालते हैं। मंच संचालक ईशारा भी करता है,,, मगर कवि कहता है,, अंतिम है,, और वह अंतिम न जाने कब तक चलता रहती है । यह भी है,,, लोग अपनी कविता पढ़कर चुपचाप चले जाते है । दूसरे की कविता सुनने का उनके पास समय ही नहीं रहता है। कह देते हैं,,, मुझे बहुत जरूरी काम है, इसलिए क्षमा करें मुझे जाना पड़ रहा है। अन्यथा मैं पूरे कार्यक्रम में जरूर रहता,,,, मेरी शुभकामनाएं है । और ऐसा कह कर वह चले जाते हैं । मैंने ऐसा कह कर जाने वाले एक कवि मित्र का पीछा किया। उनके घर जाकर दरवाजा खटखटाया तो पता चला कि वह खाना खाकर बढ़िया सो रहे हैं। जबकि कह कर आए थे कि मुझे पत्नी को डॉक्टर के यहां दिखाने के लिये ले जाना है ,, नम्बर लगा है । मैंने उनकी पत्नी से पूछा भाभी जी आपकी तबियत कैसी है,, वह बोली बहुत अच्छी है भैया,,,,, ? मेरी तबियत को क्या हुआ । मैंने कहा आप स्वस्थ रहें ,,।

बोलना एक कला है जो सबके पास नहीं होती है। बस बात यह है जिनके पास यह कला होती है,,, बे बोलते रहते हैं। लेकिन उनको बोलने के अवसर काम मिलते हैं । और जिनसे बोलते नहीं बनता उन्हें बोलने के बहुत अवसर भी मिलते हैं। उनसे बोलते नहीं बनता,,, वह मंच पर जाकर कांपने लगते हैं। कई दफा तो उनके कपड़े भी गीले हो जाते हैं । कहने वाले कहते हैं, सब कुछ ऊपर वाले की देन है। वह जिसे जो भी कला दे दे वह कम है। लेकिन फिर भी जो लोग ज्यादा बोल लेते है,,, उन्हें कुछ ध्यान जरूर रखना चाहिये।

बर्ना,,,

हम बोलेंगा तो बोलेगे कि बोलता है,,,, ?

सुरेश मिश्र विचित्र

नदी जोड़ो परियोजनाओं पर राज्यों में विवाद

देश में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच केन और बेतवा नदियों को जोड़ने की स्वीकृति एक अच्छी शुरूआत मानी जा रही है, लेकिन अन्य नदियों को परस्पर जोड़ी जाने वाली परियोजनाओं पर राज्यों में सहमति बनना मुश्किल हो रहा है। जल शक्ति मंत्रालय के ने कहा है कि गोदावरी-कृष्णा, कृष्णा-पेन्नार-कावेरी नदी जोड़ों परियोजनाओं के जल के उपयोग को लेकर व्यावहारिक सहमति राज्यों के बीच नहीं बन पा रही है। राज्य अधिशेष पानी के हस्तांतरण और आवंटन से जुड़े जटिल मुद्दों पर सहमत नहीं हैं। इसी तरह पार-ताप्ती-नर्मदा परियोयना पर महाराष्ट्र और गुजरात ने आगे काम करने से इंकार कर दिया है। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में इस योजना के तहत 'राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी' (एनडब्ल्यूडीए) ने व्यावहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए 30 अंतरराज्जीय नदियों की पहचान की है। इनमें प्रायद्वीपीय घटक के रूप में 16 और हिमालयी घटक के रूप में 14 नदी जोड़ों प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें से आठ परियोजनाओं की 'विस्तृत परियोजना रिपोर्ट' (डीपीआर) तैयार हो चुकी है, जबकि अन्य पर काम चल रहा है।

भारत में नदियों के जल का बंटवारा, बांधों का निर्माण और राज्यों के बीच उसकी हिस्सेदारी एक गंभीर व अनसुलझी रहने वाली समस्या बनी हुई है। इसका मुख्य कारण है, नदी जैसे प्राकृतिक संसाधन के समुचित व तर्कसंगत उपयोग की जगह राजनीतिक सोच से प्रेरित होकर नदियों के जल का दोहन करना है। कर्नाटक और तमिलनाडू की जीवनरेखा मानी जाने वाली नदी कावेरी के जल को लेकर देष के दो बड़े राज्यों में हिंसा और अगजनी के दृश्य देश ने देखे हैं। जबकि कावेरी दोनों राज्यों के करोड़ों लोगों के लिए वरदान है, लेकिन निहित राजनैतिक स्वार्थों के चलते कर्नाटक और तमिलनाडू की जनता के बीच केवल आगजनी और हिंसा के ही नहीं, सांस्कृतिक टकराव के हालात भी उत्पन्न होते रहे हैं। कर्नाटक में जल विवाद के सामने आते ही पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने क्षेत्रीय मानसिकता से काम लेते हुए इस मुद्दे को भड़काने का काम किया। उन्होंने कहा कि ' इस मुद्दे पर लड़ाई जीतने के लिए राजनीतिक पार्टियों व जनता को एकजुट होना होगा।' यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी नाराजी जताते हुए देवगौड़ा ने कहा था ' तमिलनाडू के किसान एक साल में तीन फसल उगा रहे हैं, जबकि कर्नाटक के पास एक फसल के लिए भी पानी नहीं है। ऐसे में उन्हें पानी देना कैसे संभव है। इसके विरोध में हमें तमिलनाडू के लोगों की तरह एकजुट होना होगा।' देश के प्रधानमंत्री रहे व्यक्ति भी जब किसी विवाद को सुलझाने की बजाय क्षेत्रीयता के आधार पर लोगों को उकसाने की बात करें, तो तय है, विवाद उलझेगा ही। ऐसी ही एकपक्षीय धारणाओं की वजह से कर्नाटक-तमिलनाडू के बीच कावेरी जल विवाद सवा सौ साल से स्थाई बना हुआ है। दक्षिण भारत की गंगा मानी जाने वाली कावेरी नदी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडू में बहने वाली जीवनदायी सदानीरा नदी हैं। यह पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पर्वत से निकली है। यह 800 किलोमीटर लंबी हैं। इसके आसपास के दोनों राज्यों के हिस्सों में खेती होती है। तमिल भाशा में कावेरी को 'पोन्नी' कहते है। पोन्नी का अर्थ सोना उगाना है। दोनों राज्यों की स्थानीय आबादी में ऐसी लोकमान्यता है कि कावेरी के जल में धूल के कण मिले हुए हैं। इस लोकमान्यता को हम इस अर्थ में ले सकते हैं कि कावेरी के पानी से जिन खेतों में सिंचाई होती है, उन खेतो से फसल के रूप में सोना पैदा होता है। इसीलिए यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडू की कृशि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार है। ब्रह्मगिरी पर्वत कर्नाटक के कुर्ग क्षेत्र में आता है, जो कर्नाटक के अस्तित्व में आने से पहले मैसूर राज्य में था। यहीं से यह नदी मैसूर राज्य को सिंचित करती हुई दक्षिण पूर्व की ओर बहती हुई तमिलनाडू में प्रवेष करती है और फिर इस राज्य के बड़े भू-भाग को जल से अभिसिंचित करती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। 1892 व 1924 में मैसूर राज्य व मद्रास प्रेसिडेंसी ;वर्तमान तमिलनाडूद्ध के बीच जल बंटवारे को लेकर समझौते हुए थे। आजादी के बाद मैसूर का कर्नाटक में विलय हो गया। इसके बाद से कर्नाटक को लगने लगा कि मद्रास प्रेसिडेंसी पर अंग्रेजों का प्रभाव अधिक था, इसलिए समझौता मद्रास के पक्ष में किया गया है। लिहाजा वह इस समझौते को नहीं मानता है। जबकि तमिनाडू का तर्क है कि पूर्व समझौते के मुताबिक उसने ऐसी कृशि योग्य भूमि विकसित कर ली है, जिसकी खेती कावेरी से मिलने वाले सिंचाई हेतु जल के बिना संभव ही नहीं है। इस बावत 1986 में तमिलनाडू ने विवाद के निपटारे के लिए केंद्र सरकार से एक ट्रिब्यूनल बनाने की मांग की। नदी विवाद जल अधिनियम के तहत 1990 में ट्रिब्यूनल बनाया गया। इस ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक को आदेश दिया कि तमिलनाडू को 419 अरब क्यूसेक फीट पानी, केरल को 30 अरब तथा पांडीचेरी को 2 अरब क्यूसेक पानी दिया जाए। किंतु कर्नाटक ने इस आदेश को मानने से इंकार करते हुए कहा कि कावेरी पर हमारा पूरा हक है, इसलिए हम पानी नहीं देंगे। कर्नाटक का तर्क है कि अंग्रेजों के शासनकाल में कुर्ग मैसूर रियासत का हिस्सा था, और तमिलनाडू मद्रास प्रेसिडेंसी के रूप में फिरंगी हुकूमत का गुलाम था। गोया, 1924 के फैसले को सही नहीं ठहराया जा सकता है। हालांकि अभी भी ट्रिब्यूनल के इसी फैसले और अदालत के दबाव में कर्नाटक मजबूरीवश तमिलनाडू को पानी दे रहा है, लेकिन उसकी पानी देने की मंशा कतई नहीं है। यह पानी कर्नाटक में कावेरी नदी पर बने कृष्ण-राजा सागर बांध से दिया जाता है। जबकि तमिलनाडू कावेरी के पानी पर ज्यादा हक की मांग इसलिए करता है, क्योंकि कावेरी का 54 प्रतिशत बेसिन इलाका उसके क्षेत्र में है। कर्नाटक में बेसिन क्षेत्र 42 प्रतिशत है। इसी आधार पर प्राधिकरण ने तमिलनाडू को कावेरी के 58 प्रतिषत पानी का हकदार बताया था। लेकिन कर्नाटक केवल एक हजार टीएमसी पानी देने को तैयार है। नतीजतन विवाद कायम है। इसी तरह तमिलनाडू व केरल के बीच मुल्ला पेरियार बांध की ऊंचाई को लेकर भी विवाद गहराया हुआ है। तमिलनाडू इस बांध की ऊंचाई 132 फीट से बढ़ाकर 142 फीट करना चाहता है, वहीं केरल इसकी ऊंचाई कम रखना चाहता है। इस परिप्रेक्ष्य में केरल का दावा है कि यह बांध खतरनाक है, इसीलिए इसकी जगह नया बांध बनना चाहिए। जबकि तमिलनाडू ऐसे किसी खतरे की आशंका को सिरे से खारिज करता है। गौरतलब है कि पेरियार नदी पर बंधा यह बांध 1895 में अंग्रेजों ने मद्रास प्रेसिडेंसी को 999 साल के पट्टे पर दिया था।

प्रमोद भार्गव

आपका राशिफल 04 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक-5-7-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें। शुभांक-4-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 5919



ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं कमाल के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरुख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, माधवी की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, कैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरुद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'रह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजब करवट निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जाइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहबूबा ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पुनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचला' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 5918

Jagrutidaur.com, Bangalore

किचन में रखी ये एक चीज दूर करेगी कई समस्याएं

रसोई में पाए जाने वाले भारतीय मसाले स्वाद को तो काम करते हैं, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह मसाले आपको कई तरह की बीमारियों से भी राहत दिलवाते हैं। आज आपको एक ऐसी ही रसोई की चीज बताएंगे जिसे खाने से आपको कई तरह की समस्याओं से राहत मिलेगी। चिरौंजी इसका इस्तेमाल आपने मीठे व्यंजनों में कई बार किया होगा। लेकिन यह स्वास्थ्य के मुताबिक, भी बहुत ही फायदेमंद होती है। इसमें प्रोटीन, विटामिन-सी, विटामिन-बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। चिरौंजी के द्वारा बनाए गए तेल में अमीनो एसिड और स्टीएरिक एसिड भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह पेट के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है। तो चलिए आपको बताते हैं चिरौंजी खाने से आपको क्या-क्या लाभ होंगे।

शरीर की कमजोरी करेगी दूर

चिरौंजी शरीर की कमजोरी दूर करने के लिए भी बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। इसमें पाए जाने वाला प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन्स शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। इसका सेवन करने से आपके शरीर को भी ताकत मिलती है। आप रात को सोने से पहले दूध में 1 चम्मच चिरौंजी डालकर पिएं। इस दूध का सेवन करने से आपकी शारीरिक कमजोरी दूर हो जाएगी।

पाचन होगा मजबूत

इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके पाचन तंत्र को भी मजबूत करने में सहायता करते हैं। आप इसका सेवन कई तरीकों से कर सकते हैं। आप चिरौंजी के तेल से खिचड़ी, दलिया बनाकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप चिरौंजी को सूखे मेवे की तरह भी खा सकते हैं।

सर्दी-जुकाम से मिलेगी राहत

सर्दी-जुकाम से राहत पाने के लिए भी आप चिरौंजी का सेवन कर सकते हैं। आप चिरौंजी को दूध में पकाकर इसका सेवन करें। इससे आपको सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से काफी आराम मिलेगा।

सिरदर्द से दिलवाए राहत

यदि आपको सिर में दर्द रहता है तो भी आप चिरौंजी का सेवन कर सकते हैं। आप एक चम्मच चिरौंजी को दूध के साथ पीसें। फिर इन दोनों चीजों से तैयार पेस्ट सिर पर लगाएं। 15-20 मिनट के लिए पेस्ट दर्द वाली जगह पर लगाएं। सिरदर्द की परेशानी से आपको काफी राहत मिलेगी।

सूडोकु नवताल- 6432

★★★★☆ कठिन

					1	4		
	9					5	8	
			7	9				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6					1	
		9	3					

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से

मिशन 2023

यूपी के तर्ज पर अब मध्य प्रदेश में भी बूथ स्तर पर धार्मिक स्थलों की जानकारी होगी एकत्र

हारी हुई सीटों पर रहेगा फोकस

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 के लिए राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। इसके लिए अलग-अलग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा यूपी की तर्ज पर एमपी में बूथ स्तर पर मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारा-चर्च से जुड़ी हर बारीक जानकारियां एकत्र कर रही हैं। साथ ही धार्मिक आयोजन के कर्ताधर्ता किस राजनीतिक दल को सपोर्ट करते हैं, उनके आंकड़े भी तैयार किए जा रहे हैं। आलाकमान ने इसकी जिम्मेदारी विधायकों और सांसदों को दी हैं। दरअसल, भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव के लिए कमर कस ली है। फिलहाल संगठन का फोकस कमजोर और हारें हुए क्षेत्रों में है। और इसकी जानकारी जुटाई जा रही है कि इन बूथों में कितने धार्मिक स्थल, जातियां और सामाजिक नेताओं का राजनीतिक प्रभाव हैं। और इसके लिए भाजपा ने हाल ही में विधायकों और सांसदों को सरल एप की ट्रेनिंग दी। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि धार्मिक स्थलों की जानकारी जुटाने के बाद उनके संचालकों और उनसे जुड़े पदाधिकारियों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। जिन धार्मिक स्थलों के प्रति लोगों में ज्यादा आस्था है, वहां भाजपा बड़ा आयोजन करेगी। और इसी तरह जातिगत समीकरण को साधने के लिए सामाजिक संगठनों में पैठ बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस एप में विधायकों और सांसदों को उनके विधानसभा और संसदीय क्षेत्र के कमजोर बूथ की जानकारी देनी होगी। साथ ही विधायकों और सांसदों को उनके इलाके के मंदिर और मस्जिदों की जानकारी भी अपडेट करनी होगी। और उनके विधानसभा क्षेत्र में होने वाले प्रमुख धार्मिक आयोजनों की जानकारी भी विधायक और सांसदों को एप के जरिए देनी होगी। इसके लिए भाजपा ने प्रत्येक सीट पर चुनाव होने तक सांसदों, विधायकों और जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की है। संगठन ने इन सभी को अपनी अपनी सीटों को जीतने के लिए माइक्रो प्लानिंग बनाने की बात कही है। और मॉनिटर करने के लिए राज्यसभा सांसदों, प्रदेश के केंद्रीय मंत्री और प्रदेश पदाधिकारियों को इन सीटों पर जाना पड़ेगा। बता दें कि भाजपा को 2018 के चुनाव में आदिवासी बहुल सीटों सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में पार्टी ने धार, झाबुआ, खरगोन, बड़वानी जैसे आदिवासी बहुल जिलों की हर एक विधानसभा सीट पर विशेष तैयारी की है। वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में 107 सीटें मिली थीं, जिससे पार्टी बहुमत से दूर रह गई थी। ऐसे में पार्टी ने हारी हुई सीटों को लेकर विशेष रणनीति तैयार की हैं।

मप्र में 21000 एकड़ जमीन पर गरीबों के लिए बसाई जाएगी कॉलोनियां

संबल योजना की भी दुबारा होगी शुरुआत

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में 21000 एकड़ जमीन पर सुरज कॉलोनी बनाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक राज्य में कई कल्याणकारी योजनाओं को शुरुवात होने जा रही है और इसी कड़ी में संबल योजना भी फिर शुरू होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि माफिया अभियान के दौरान पूरे राज्य में कुल 21000 एकड़ जमीन खाली कराई गई। और अब राज्य सरकार ने लगभग 15000 करोड़ रुपए की इस जमीन पर गरीबों को मकान बनाकर देने का फैसला किया है। और गरीबों को आश्रय देने वाली यह कॉलोनी सुरज कॉलोनी नाम से जानी जाएंगी। वहीं सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि कमलनाथ सरकार में बंद की गई संबल योजना को प्रदेश में फिर किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश भर में संबल कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का एडमिशन मेडिकल कॉलेज, इंजीनियर कॉलेज और आईआईटी आईआईएम जैसे संस्थानों में होगा, उन सभी बच्चों की फीस संबल कार्ड के जरिए राज्य सरकार जमा कराएगी। बता दें कि प्रदेश में गलत तरीके से जमीनों पर कब्जा करने वाले माफियाओं से लगभग 21000 एकड़ जमीन मध्य सरकार ने मुक्त कराई हैं। और इन जमीनों पर सरकार जल्द ही सुरज कॉलोनी के नाम से कॉलोनियां तैयार कर गरीबों को देने घोषणा की है। हालांकि इसे 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से जो ? कर भी देखा जा रहा है। जिसको लेकर बीजेपी अभी से अपनी तैयारी शुरू करती नजर आ रही है। इसी कड़ी में इंदौर में ही सीएम ने फ्लाइओवर का भूमिपूजन भी किया। इस कार्यक्रम के दौरान इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने सीएम के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि फ्लाइ ओवर की दो भुजाएं बाणगंगा और अरविंदो की तरफ भी उतरना चाहिए। पिछली बार 2016 के सिंहस्थ में सरकारी आंकड़ों के अनुसार इंदौर-उज्जैन के बीच चले वाहनों की संख्या 45 लाख से ज्यादा थी। ऐसे में ट्रैफिक के दबाव और जाम से बचने के लिए फ्लाइ ओवर का विस्तार किया जाना चाहिए। क्योंकि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ रहेगा।

मध्य प्रदेश में बच्चों के बस्तों से बोझ होगा कम

सप्ताह में एक दिन बिना बस्ते के बुलाया जाएगा स्कूल ,आदेश जारी

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के स्कूलों में बच्चों के बढ़ते बस्तों बोझ कम करने के लिए सूबे की शिवराज सरकार ने नई पॉलिसी लागू की है। पॉलिसी के अनुसार पहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा के बच्चों के बस्तों से बोझ कम किया जाएगा। इसी तरह आदेश के अनुसार प्राइमरी स्कूल के बच्चों के बैग का वजन ढाई किलो से ज्यादा नहीं होगा। दरअसल, आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी सरकारी, गैर सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अब बच्चों पर बस्तों और होमवर्क का बोझ कम होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने 2019 के आदेश को रद्द कर नए सिरे से अपनी स्कूल बैग पॉलिसी 2020 जारी की है। जानकारी के अनुसार बस्ते में राज्य सरकार और एनसीईआरटी द्वारा तय की गई पुस्तकें ही रखी जाएगी। साथ ही दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को होमवर्क भी नहीं दिया जा सकेगा। कक्षा 3 से 5वीं कक्षा तक सप्ताह में 2 घंटे, कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं तक प्रतिदिन 1 घंटे और कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के बच्चों को हर दिन अधिकतम 2 घंटे का होमवर्क ही देना होगा। वहीं सभी स्कूल को अपने नोटिस बोर्ड पर बस्ते के वजन का चार्ट लगाना होगा। जानकारी मिली है कि कंप्यूटर, नैतिक शिक्षा और सामान्य ज्ञान की कक्षाएं बिना पुस्तकों के लगानी होगी। और साथ ही इसके सप्ताह में एक दिन बच्चों को बिना बैग के बुलाना होगा। बता दें कि पहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए 1.6 किग्रा से 2.5 किग्रा वजन तय किया गया है। इसी तरह 9वीं और 10वीं के बच्चों के बस्ते का वजन 4.5 किलोग्राम तक होगा।

- पहली कक्षा- 1.6-2.2 किग्रा
- दूसरी कक्षा- 1.6-2.2 किग्रा
- तीसरी कक्षा- 1.7-2.5 किग्रा
- चैथी कक्षा- 1.7-2.5 किग्रा
- पांचवीं कक्षा- 1.7-2.5 किग्रा
- छठवीं कक्षा- 2-3 किग्रा
- सातवीं कक्षा- 2-3 किग्रा
- आठवीं कक्षा- 2.5-4 किग्रा
- नौवीं कक्षा- 2.5-4 किग्रा
- दसवीं कक्षा- 2.5-4.5

शर्मसार इंसानियत : बाइक पर शव ले जाने को मजबूर ग्रामीण, नहीं मिली एंबुलेंस

भोपाल एजेंसी। मध्यप्रदेश के शाजापुर तहसील के कालापीपल ग्राम चायनी ढाबला जो ? का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दो युवक बाइक पर एक लाश को ले जाते दिख रहे है। इस वीडियो की जानकारी निकली गई तो पता चला कि कालापीपल तहसील का रहने वाला 26 वर्षीय हासिम खान पिता मोबिन खान युवक अपने दोस्त के साथ पार्वती नदी में नहाने गया था। उस दौरान गहरे पानी चले जाने के कारण हासिम खान की पार्वती नदी मे डूब जाने से मौत हो गई थी। पुलिस की टीम ने रेस्क्यू किया था। काफी सर्चिंग के बाद युवक की लाश बरामद कर परिजनों को सौप दी थी। शव मिलने के बाद परिवारजनों ने शव को गाँव ले जाने के लिए काफी भटकना पड़ा जब परिजन काफी देर तक यहां से वहा भटकते रहै ओर तमाम प्रयासों के बावजूद जब एम्बुलेंस या शव वाहन नही मिला तो मजबूरी में बाइक पर शव को रखकर ले गए। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में परिवार जनों से चर्चा करना चाही तो उन्होंने कहा काफी परेशान होने के बाद जब एंबुलेंस या शव वाहन नहीं मिल पाया तो हम इसे मोटरसाइकिल पर ही रख कर गांव ले आए।

प्रदेश में 46 नगरीय निकाय में 27 सितंबर को होगी वोटिंग, 30 सितंबर को रिजल्ट

भोपाल,ईएमएस। मध्य प्रदेश में शेष रहे नगरीय निकाय में चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 18 जिलों के इलाकों में आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। 27 सितंबर को 46 नगरीय निकायों में वोटिंग होगी, 30 सितंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 5 सितंबर, 2022 को सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 12 सितंबर (दोपहर 3 बजे तक) है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 13 सितंबर को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 15 सितंबर है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 27 सितंबर को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 30 सितंबर को सुबह 9 बजे से होगी। इन नगरीय निकाय का कार्यकाल 12 सितंबर को पूरा हो रहा है। वहीं, कुछ का परिसिमन और वार्ड आरक्षण नहीं होने के चलते 347 नगरीय निकायों के साथ इनके चुनाव नहीं हुए थे।

इन नगरीय निकाय में होंगे चुनाव

जिला सागर की नगर परिषद कर्रापुर, नगरपालिका परिषद खुरई, गढ़ाकोटा, सिंगरौली की नगर परिषद सरई, बरगवां, शहडोल की नगर परिषद बु ?ार, जयसिंह नगर, नगरपालिका परिषद शहडोल, अनूपपुर की नगर परिषद बरगवां (अमलाई), नगरपालिका परिषद कोतमा, बिजुरी, उमरिया की नगरपालिका परिषद पाली, डिण्डोरी की नगर परिषद डिण्डोरी, शहपुरा, मण्डला की नगर परिषद बम्हनीबंजर, बिछिया, निवास, नगरपालिका परिषद मण्डला, नैनपुर, बालाघाट की नगर परिषद बैहर, नगरपालिका परिषद मलाजखण्ड, सिवनी की नगर परिषद लखनादौन, छिंदवाड़ा की नगर परिषद मोहगांव हवेली, हर्रई, नगरपालिका परिषद पांढुर्ना, सौंसर, दमुआ, जुन्नारदेव, बैतूल की नगर परिषद चिचोली, आठनेर, नगरपालिका परिषद सारणी, रायसेन की नगर परिषद देवरी, खण्डवा की नगर परिषद छनेरा, पुनासा, बुरहानपुर की नगरपालिका परिषद नेपानगर, खरगोन की नगर परिषद मण्डलेश्वर, महेश्वर, भीकनगाँव, अलीराजपुर की नगर परिषद चन्द्रशेखर आजाद नगर, जोबट, नगरपालिका परिषद अलीराजपुर, झाबुआ की नगर परिषद थांदला, पेटलावद, रानापुर, नगरपालिका परिषद झाबुआ और जिला रतलाम की नगर परिषद सैलाना में निर्वाचन होगा।

कुल मतदाता 8 लाख 42 हजार 515

कुल 17 नगरपालिका परिषद और 29 नगर परिषद में आम निर्वाचन होना है। इनमें से 6 नव-गठित नगर परिषद हैं। कुल वार्डों की संख्या 814 और कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1212, कुल मतदाता 8 लाख 42 हजार 515 हैं। इनमें से 4 लाख 25 हजार 370 पुरूष, 4 लाख 17 हजार 79 महिला एवं 66 अन्य मतदाता हैं।

कांग्रेस विधयाक का बेबाक बयान, कहा

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पारदर्शी हो और चमचों को परेशान होने दो

भोपाल, यशभारत। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर से चुनावी प्रक्रिया फिर शुरू हो रही है। पार्टी को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। गांधी परिवार के अलावा भी कई नेताओं के नाम इस पद के लिए चल रहे हैं। लेकिन वहीं अब मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह के भाई और कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर एक बयान दिया है। जिसके बाद वह चर्चा में बनें हुए है।दरअसल इसे लेकर कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव पारदर्शी हो तो कार्यकर्ताओं का विश्वास पार्टी और नेतृत्व के प्रति और बढ़ेगा,पार्टी मजबूत होगी। चमचे परेशान हो सकते हैं तो होने दीजिए। पार्टी कार्यकर्ताओं से चलती है, चमचों से नहीं। बता दें कि लक्ष्मण सिंह अपने बयानों के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते है। इससे पहले भी वह कई बार अपनी ही पार्टी के कुछ फैसलों पर भी सवाल उठा चुके हैं। कई बार तो पार्टी लाइन से हटकर भी बयान दिए हैं। और यही वजह है कि लक्ष्मण सिंह का यह ट्वीट चर्चा में बन गया है। क्योंकि कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर गांधी परिवार के अलावा भी कई नेताओं के नाम की चर्चा हैं। बता दें कि कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव का ऐलान हो गया है। 19 अक्टूबर को कांग्रेस के नए अध्यक्ष का एलान हो जाएगा। और 22 सितंबर को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष पद के दावेदारों के नामांकन 24 सितंबर से 30 सितंबर तक दाखिल किए जाएंगे। और अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार हुए तो फिर 17 अक्टूबर को चुनाव होगा। लेकिन नामांकन पद एक ही हुआ था तो निर्विरोध ही अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस का एक वर्ग फिर से राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की वकालत कर रहा है। जबकि सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा तेज है कि पार्टी में किसी अन्य नेता को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

निजी अस्पतालों की मनमानी

उन्हीं के मेडिकल स्टोर पर महंगी दवाएं खरीदने को बाध्य हैं मरीज

भोपाल यशभारत। शहर के निजी अस्पताल मरीजों से दवाओं में भी ज्यादा पैसा ले रहे हैं। दूसरे मेडिकल स्टोर ब्रांडेड दवाओं में भी 10 से 15 प्रतिशत तक छूट दे रहे हैं, लेकिन अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोर खुदरा मूल्य पर ही दवाएं, इंप्लांट और अन्य सर्जिकल आइटम बेच रहे हैं। दो दिन पहले ही त्रिलंगा में कान्हा मेडिकल स्टोर में 1158 रुपए का केनुला 3200 रुपए में बेचा जा रहा था। इसकी शिकायत औषधि प्रशासन से की गई है। इसके पहले जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में भी कैंसर की दवाएं खुदरा मूल्य पर ही बेचने की शिकायतें संभाग आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों से की जा चुकी हैं। शहर में 349 निजी अस्पताल है। सभी अस्पतालों की खुद की या फिर ठेके पर मेडिकल स्टोर का संचालन दिया गया है। इन अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए बाध्यता रहती है कि उन्हें उसी मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदना है। भोपाल में 3 साल से बड़ी दवा दुकानों में ब्रांडेड दवाओं पर भी 10 से 15त्न की छूट दी जा रही है। इसी तरह से सर्जिकल आइटम में 70त्न तक छूट मिल रही है, लेकिन नर्सिंग होम्स में संचालित दवा दुकानों में मरीजों को बिल्कुल भी छूट नहीं दी जाती है। इसकी एक वजह यह भी है कि जिन नर्सिंग होम्स ने मेडिकल स्टोर का संचालन दूसरे व्यक्ति को दिया गया है नर्सिंग होम संचालक हर महीने मोटी रकम लेते हैं। यही वजह है कि दवा दुकानों में मरीजों को छूट नहीं मिल पाती। इसका सबसे बड़ा उदाहरण जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल है। यहां भर्ती और ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए इसी मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदने के बाध्यता रहती है। कीमोथेरेपी वाले मरीजों को हर दिन 3000 से 4000 की दवाई लगती हैं। दूसरे मेडिकल स्टोर वही दवा 20त्न तक कम दाम में देने को तैयार रहते हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन बाहर से लाई गई दवाई उपयोग करने से मना कर देता है। यहां पर साल भर में करीब 20 करोड़ की दवाएं बेची जाती है। गैस राहत मानिटरिंग कमेटी के सदस्य पूर्णेन्दु शुक्ला ने महंगी दवाएं बेचने की शिकायत भोपाल के संभाग आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों से भी की है।

भोपाल में कुत्ते के भौंकने पर हुआ खूनी संघर्ष भांजे ने मामा-मामी पर लोहे की रॉड से किया वार

भोपाल , यशभारत। राजधानी भोपाल में एक मामूली सी बात को लेकर खूनी संगर्ष हो गया। यहां कुत्ते के भौंकने पर भांजे ने मामा-मामी पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। और घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है।दरअसल यह पूरा मामला भोपाल के गांधीनगर थाने क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार आरोपी और पीड़ित दोनों पड़ोसी है। दोनों के बीच कुत्ते के लगातार भौंकने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी युवक ने लोहे की रॉड से मामा-मामी हमला कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी भी सामने आया है। वहीं इस घटना को लेकर गांधीनगर टीआई ने कहा कि पीड़ित और आरोपी आपस में रिश्तेदार है। बताया जा रहा है कि आरोपी पीड़ित का भांजा है। और दोनों के बीच में पिछले कुछ दिनों से छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद की स्थिति बन रही थी। लेकिन हद्द तब पर हुई जब कुत्ते को भौंकने से रोकने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्साए भांजे ने अपने ही मामा-मामी पर रॉड से हमला कर दिया। जिससे दोनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अभी धारा 323 और 523 की में कार्रवाई की गई है। साथ ही इसके मेडिकल की पूरी रिपोर्ट आने के बाद गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

15 सितंबर तक सुभाष नगर अंडरब्रिज से जिंसी धर्मकांटा तक मार्ग बंद,

भोपाल यशभारत। राजधानी में भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेल्वे अंडर ब्रिज के पास स्लाटर हाउस की तरफ बीच सड़क पर पिलर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस वजह से पिछले दिनों से यहां पर आवागमन रोक दिया गया है। उधर भारी बारिश एवं तकनीकी कारणों के कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक का मार्ग बंद करने की समयावधि बढाने की सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई है। सुरक्षित यातायात के दृष्टिकोण से गुरुवार से 15 सितंबर तक (कुल 15 दिवस) तक यातायात डायवर्सन प्लान इस तरह रहेगा।

जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर रेलवे अंडरब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णत : बंद रहेगा

- भारत टाकीज एवं लिली टाकीज से मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चैराहा, सुभाष नगर ओवरब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- मैदा मिल से भारत टाकीज एवं लिली टाकीज की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज का उपयोग कर प्रभात चैराहा, बोगदा पुल होकर भारत टाकीज एवं लिली टाकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- हल्के वाहन- मैदा मिल से प्रभात चैराहा एवं बोगदा पुल की ओर आवागमन करने के लिए सुभाष नगर रेलवे रेल्वे अण्डर ब्रिज का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।
- ट्रैफिक पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन करते हुए परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाइन फोन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

राजा शंकर प्रताप सिंह जूदेव की स्मृति में हो रहा आयोजन

चीचली में कबड्डी प्रतियोगिता 6 से

गाडरवारा (यश भारत) नगर परिषद चीचली के राज महल प्रांगण मे राजा शंकर प्रताप सिंह जूदेव की स्मृति में डोल ग्यारस के पावन पर्व पर विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है जिसका समापन 8 सितंबर शाम 6 बजे से किया जाएगा द्य नवयुवक मंडल नर्मदा सेवा समिति चीचली द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह 50 वा वर्ष मनाया जा रहा है द्य संरक्षक मंडल के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां की जा रही है इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कबड्डी टीमों के अलावा अन्य शहरों की कबड्डी टीमें भाग ले रही हैं द्य जिसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपया एवं शील्ड पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल द्वारा द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं शील्ड स्वर्गीय श्री चंपालाल पाठक की स्मृति में हिरेश पाठक द्वारा तृतीय पुरस्कार 11 हजार एवं शील्ड स्वर्गीय श्रीमती सुमित्रा देवी कटारे की स्मृति में राज कटारे गोलू द्वारा इसके अलावा क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार 71 सो रुपए एवं शील्ड प्रमोद कौरव खैरी द्वारा द्वितीय पुरस्कार 51 सो एवं शील्ड पार्षद आसमा इरशाद अली द्वारा तृतीय पुरस्कार 31 सौ एवं शील्ड गंगाराम राजपूत द्वारा दिया जा रहा है सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 1101 रुपया एवं कप सर्वश्रेष्ठ रेडर 751 एवं कप सर्वश्रेष्ठ कैचर 751 एवं कप स्वर्गीय मूलचंद कहार की स्मृति में राजेश कहार आरएम कंट्रक्शन द्वारा तहसील स्तरीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं सर्वश्रेष्ठ रेडर, कैचर का पुरस्कार कप रियाज मोहम्मद द्वारा दिया जाएगा द्य विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का 6 सितंबर को चीचली नगर परिषद अध्यक्ष शेख मंजूर बबलू सिंघानिया की अध्यक्षता, चीचली जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा अहिरवार, समाजसेवी राव पवन सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव, सुश्री मोना कौरव के मुख्य आतिथ्य मे जनपद उपाध्यक्ष मनीष कौरव, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुधांशु जूदेव, बाबा नौशाद अली, जनपद सदस्य निरंजन सिंह कौरव के विशिष्ट आतिथ्य में किया जा रहा है द्य गौरतलब हो कि चीचली में कबड्डी प्रतियोगिता का कई वर्षों से शानदार आयोजन होता चला आ रहा है राजमहल परिसर खेल दर्शकों से खचाखच भरा रहता है दूर-दूर से लोग कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए चीचली पहुंचते हैं द्य 8 सितंबर को समापन समारोह विधायक श्रीमति सुनीता पटेल की अध्यक्षता में जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह, मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, क्षेत्रीय सांसद राव उदय प्रताप सिंह, नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा, पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल, श्रीमती साधना स्थापक, दीनदयाल ढिमोले, नरेश पाठक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया के मुख्यआतिथ्य मे एनटीपीसी सीजीएम प्रदीप्त मिश्रा, एचआर जीएम श्रीमती प्रेमलता के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा कबड्डी प्रतियोगिता में आमंत्रित अतिथि के रूप में गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल ममार, बजरंग दल से राव उदय प्रताप सिंह, मोहर कांत पटेल, राव संदीप सिंह, रामदास पटेल, राजेंद्र सिंह पटेल, चैतन्य लूनावत, छोटे राजा कौरव, संदीप पैगबार, मनीष राय अभिनव ढिमोले, जिनेश जैन, केंद्र सिंह राजपूत, जवाहर शर्मा अरुण कटारे आदि शामिल हैं । नवयुवक मंडल नर्मदा सेवा समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मरैया उपाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, सुनील कुमार शर्मा, नीरज पैगबार, अमोल कौरव, सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, राज कटारे, टिंकल ताम्रकार, अंकुर गुप्ता, कोषाध्यक्ष भीकम सिंह कौरव ,शेख रियाज मोहम्मद, सह सचिव गणेश ताम्रकार मनोज नंदू कौरव अजय सिंह राजगौड, सचिन पैगवार, मनोज शर्मा, प्रचार मंत्री बलवंत चौरसिया, जगदीश कौरव, कमलेश बड ुर, हरिओम कौरव, अरुण कौरव ,आशीष पटेल, सह संगठन मंत्री सुनील सोनी पप्पू, तेजसिंह कौरव, बबलू साहू ,सोनू श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, मंगल सोनी, पृथ्वीराज, राजदीप द्वारा विशाल कबड्डी प्रतियोगिता की जोरदार तैयारियां की जा रही है । क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता मैं भाग लेने वाली टीमों से 6 सितंबर को सुबह 11 बजे तक राजमहल स्टेडियम परिसर में पहुंचने की अपील की गई है, कबड्डी फेडरेशन के नियम अनुसार होगी, रैफरी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा, सभी खिलाड़ी अनुशासन का ध्यान रखेंगे, बाहर के खिलाड़ियों को भोजन आवास व यात्रा की व्यवस्था समिति की होगी, तहसील स्तर के सभी मैच 6 सितंबर को ही खेले जाएंगे, प्रदेश के बाहर का खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा ।

बरहटा ग्राम पंचायत के पंचों ने सरपंच की कार्यप्रणाली के विरोध में सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा, यशभारत। जनपद पंचायत साईंखेड़ा की ग्राम पंचायत बरहटा कें दर्जनों ग्रामीणों सहित पंचायत कें आधा दर्जन पंचों ने जनपद कार्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन दिया एवं सरपंच पर कई गंभीर आरोप लगाये । ग्रामीणों पंचों ने बताया की सरपंच पंचायत में गुंडागर्दी कर पंचों को डराया धमकाया जाता है इसके साथ ही पंचायत सचिव पर नियम विरुध तरीके से राशि निकालने का दबाव बनाता जाता है पंचों ने बिना पंचों की सहमति कें राशि न निकालने सहित कई मांग रखी है सरपंच द्वारा सचिव को स्थानांतरण करने की धमकी दी जाती है ।

महिला बाल विकास चीचली में पोषण माह का आयोजन

गाडरवारा(यश भारत)। गत दिवस चीचली परियोजना में राष्ट्रीय पोषण माह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद चीचली के अध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष छोटेराजा कौरव, पार्षद रानू ताम्रकार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी उमा बर्मन ने एक सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित की जाने वाली पोषण माह की गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझाया। वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा सशक्त सबल नारी, साक्षर बच्चा, स्वस्थ भारत टैगलाइन का निर्धारण किया गया है। इस हेतु पोषण माह के दौरान विभिन्न सप्ताह एवं माह के दौरान आयोजन करना है। जिनमें महिला और स्वास्थ्य, बच्चा और शिक्षा, पोषण भी पढ़ाई भी, लिंग संवेदनशील, जल संरक्षण और प्रबंधन, जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के लिए पारंपरिक भोजन आदि गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन किया जाना है। जनांदोलन के रूप में समुदाय के प्रति कुपोषण की जागरूकता प्रचार प्रसार किया जाना है। रैली, बैठक, 13 विभिन्न विभागों के सहयोग से कार्यक्रम जनांदोलन का रूप प्रदान किया जाना है। आंगनवाड़ी के तहत जन सहयोग के तहत प्रयास किए जाना है। सभी जनप्रतिनिधियों से केंद्रों में सहयोग लिया जाना है। इस अवसर पर चीचली नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया ने 9 पंखे प्रदान किए। ब्लॉक अध्यक्ष छोटेराजा कौरव ने भी केंद्रों की समस्याओं को सुना एवं सहयोग किए जाने की बात कही। पार्षद रानू कौरव द्वारा भी आंगनबाड़ी में पंखा प्रदान किया गया। गांगई में समस्त शालाओं के प्रधान पाठक, शिक्षिकाएं प्रथम दिवस उत्सव के आयोजन में रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पुष्पा धानक, रुचि ठाकुर, हेमलता चौधरी, संजूलता पटेल उपस्थित रहे। शाला के प्रधान पाठक आनंद पिपरोनिया गांगई, अरविंद तिवारी, गुड्डन रोतेले, संगीता चौरसिया, मेहरून्निसा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लता श्रीवास्तव, सुनील ताम्रकार, सुरेखा ताम्रकार, कृष्णा ताम्रकार, कमलेश ताम्रकार, पूना मेहरा, लीला मेहरा, शिखा ताम्रकार, रुबीना बी, अलका तिवारी, आंगनवाड़ी क्षेत्र की महिलाएं, गर्भवती, धात्री, किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। पोषण प्रसाद का वितरण गणेश पंडाल में भ्रमण के दौरान किया गया। पोषण माह का चीचली परियोजना के सभी 200 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजन किया गया। प्रतिदिन की गई गतिविधियों का आयोजन भारत सरकार के जन आंदोलन पोर्टल पर किया जाना है।

कलेक्टर ने किया मूंग खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह ने लोलरी राजमार्ग के श्री मां वेयर हाऊस में बनाये गये मूंग खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थायें देखी। कलेक्टर ने मूंग बेचने के लिए आये किसानों से चर्चा की और उन्हें एसएमएस मिलने के बारे में पूछा। उन्होंने किसानों से पूछा कि कोई दिक्कत तो नहीं है। किसानों ने बताया उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि मूंग खरीदी की सभी व्यवस्थायें अच्छी रहें, किसानों को कोई असुविधा नहीं हो। सेवा सहकारी समिति केरपानी के अंतर्गत आने वाले इस खरीदी केन्द्र में 38 गांव शामिल हैं।

कलेक्टर ने अब तक खरीदी गई मूंग, वेयर हाऊस की भंडारण क्षमता आदि के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश शाह, उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक आरसी पटले अन्य अधिकारी और किसान मौजूद थे।

जन्मदिन पर पांडेय बन्धुओं द्वारा किया गया गुरु जी पूजन और अभिनन्दन

गोटेगांव, यशभारत। सनातन धर्म के सर्वो च अवतारी पुरुष एवं धर्म ध्वजा वाहक अखिल भारतीय धर्म सम्राट द्विपीठाधीश्वर करोड़ों सनातन धर्म के गुरु जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती महाराज के 99वां जन्मदिन एवं 100 वें वर्ष में प्रवेश होने पर विगत दिवस आध्यात्मिक क्षेत्र श्री वनम परमहंसी गंगा क्षेत्र में महाराजा श्री का जन्मदिन मनाया गया ।जिसमे गोटेगांव के पटेल वार्ड में निवासरत पांडेय परिवार द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य जी का आस्था के फूलों से बने पुष्प गजरा से किया जाकर गुरु जी का पादुका पूजन किया गया ।स्मरण हो कि श्री गुरु जी के शतायु वर्ष में प्रवेश पर अन्य आयोजन भी किये गए ।जहां पर बाहर से आये हुये भक्तों ने भी धर्म की अखण्ड 'योति जलाने वाले जगद्गुरु शंकराचार्य जी ।के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस अवसर पर डॉ. देवेन्द्र पांडे,नरेंद्र पांडे,सुरेंद्र(मंटू पांडे)कमलनयन पांडे,दीपक पांडे,पद्मनाभ पांडे विश्वंभर पांडे राजेश्वर पांडे धर्मेश्वर पांडे सिद्धेश्वर पांडे सहित समूचे पांडेय परिवार के नन्हें मुन्ने ब चों और परिवार की महिलाओं ने भी गुरु पूजन कर आर्शीवाद ग्रहण किया ।इस गुरु जन्मोत्सव पर पूरा पांडेय परिवार गोटेगांव श्री वनम में मौजूद रहा।

राष्ट्रीय पोषण माह के संबंध में बैठक 5 सितम्बर को

नरसिंहपुर यभाप्र। जिले में एक सितम्बर से 30 सितम्बर 2022 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिलाए ब्लॉकए ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री रोहित सिंह की अध्यक्षता में सोमवार 5 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के पश्चात जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जायेगी।

नगर में गणोत्सव के चलते बढ़ी भीड़भाड़

नरसिंहपुर यभाप्र। नगर में गणेशोत्सव पर्व की धूम मची हुई है। अनंत चौदस तक चलने वाले इस पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी दिन के श्रद्धालुओं द्वारा घर तथा बाजारों में पंडाल लगाकर गणेश जी की स्थापना की गई ।

नगर के लगभग हर घर में लोग श्रद्धाभाव से छोटे गणेश जी की प्रतिमा रखते हैं वहीं नगर में कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। गणेश पंडाल के सदस्यों द्वारा अपने-अपने पंडालों को रोशनी से जगमग करके रखा हुआ है जो जन अकर्षण का केन्द्र बने हुए है। वहीं नगर सहित दूररस्थ ग्रामीण अंचलों में भी इन दिनों गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। सुबह-सुबह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री गणेश की पूजन अर्चन की जा रही है। वहीं 11 वें दिन गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पवित्र जलों में किया जायेगा।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 5 सितंबर को सौंपेंगे ज्ञापन

तेंदूखेड़ा यभाप्र। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग 2018 में कार्यरत शिक्षक संवर्ग, अध्यापक संवर्ग व गुरुजी संवर्ग के शिक्षकों को राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ एवं नियुक्ति दिनांक से 12 व 24 वर्षीय सेवावधि पूर्ण कर चुके लोकसेवकों को यथाशीघ्र कृमोन्नति का लाभ दिए जाने हेतु राज्य शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ब्लॉक इकाई चावरपाठा द्वारा आगामी 5 सितंबर शिक्षक दिवस को विकासखंड मुख्यालय चावरपाठा में दोपहर 2 बजे से धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा ।उक्ताशय की जानकारी देते हुए संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह बुंदेला, पेंशन बहाली मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी दीपसिंह, महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती ऊषा पटेल ने संयुक्त रूप से उक्त अवसर पर विकाससखंड चावरपाठा के शिक्षकए अध्यापक एवं गुरुजी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रदान करने हेतु अपील की है।

13 हजार 175 किलोग्राम महुआ लाहन व 28 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशों के परिपालन में जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन व विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुरूवार को वृत्त गाडरवारा के कुंचबंदिया मोहल्ला, जगदीश वार्ड एवं माता वार्ड में दबिश देकर 13 हजार 175 किलोग्राम महुआ लाहन ;शराब बनाने का कच्चा मालद्ध व 28 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। जब्त की गई सामग्री एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य एक लाख 61 हजार 550 रूपये है। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये। ये प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत दर्ज किये गये। अभियान जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अम्रता जैन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

होगी सख्त कार्यवाही

इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब का विक्रय करने वाले तथा कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ मुहिम चलायी जा रही है। अवैध शराब के विक्रय में सम्मिलित पाये जाने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

खुलेआम नगर में बिक रहा नकली और एक्सपायरी डेट का माल

गोटेगांव, यशभारत। तहसील के प्रमुख बाजार इन दिनों नकली, मिलावटी व दूषित खाद्य पदार्थों से पटा पडा है। इससे कारोबार से जुडे व्यवसाई थोडे ही दिनों में कहां से कहां तक पहुंच गए हैं, इसका अनुमान लगा पाना मुश्किल है। खाद्य विभाग की लचर व्यवस्था से इस गोरख धंधे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

मिलावटी व दूषित पपडी, आलू की चिप्स, बच्चों के पसंदीदा टेडे-मेडे ,कुरकुरे, सेव-परमल,क्राकस आदि ऐसी खाद्य सामग्रियां है, जिनका कारोबार पूरे चरम पर है। कई बडी ब्रांडेड कंपनियों के हूबहू प्रोडक्ट यह जालसाज कंपनियां बाजार में उतार रही है, जिसमें सर्फ, साबुन, मिर्च-मसाले, तेल आदि जो दिखने में बडी कंपनी के प्रोडक्ट लगते हैं, लेकिन हकीकत में सभी प्रोडक्ट बडी कंपनियों की कॉपी किए हुए होते हैं। आज तक किसी भी बडे अधिकारी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा है ।अन्य बडे शहरों से आ रहा माल जबलपुर सहित संपूर्ण शहरों की बात की जाए तो यह नकली माल या यूं कहे मौत की सामग्री व्यवसाई जबलपुर इंदौर, भोपाल जैसे बडे शहरों से ला रहे हैं और पूरे क्षेत्र में खपा रहे हैं। वहीं कई व्यवसाई इन शहरों के अलावा दूसरे शहरों से यहां गाडियां भरकर आते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में नकली सामग्रियां विक्रय कर चले जाते हैं। गोटेगांव के लगभग हर गांव में इस तरह की सामग्रियों से पटी किराना दुकानें आपको मिल जाएंगी। इसमें बेचारे

खाद्य अधिकारी बेसुध लोगों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

उस किराना दुकान व्यापारी का दोष नहीं है, बल्कि दोषी तो वह है जो इन्हें नकली सामग्रियां देकर बिकवा रहा हैं ।गोटेगांव में बहुत सी एजेंसी है जिन पर खाद्य विभाग को जल्द ही ध्यान देना चाहिए।

कई समय से चल रहा यह गौरख धंधा

वैसे यह धंधा यहां बहुत पुराना है। दर्जन भर इस व्यवसाय से जुडे मुनाफा खोर बडे शहरों से स्टाक कर मिलावटी खाद्य पदार्थ मंगाते हैं जो उन्हें बहुत सस्ते दाम पर मिल जाते हैं। फिर वही सामग्री यहां दुगने व उससे अधिक कीमत पर बेची जाती है। इंसान की सेहत के साथ खिलवाड करने के लिए लगेज वाहनों का सहारा लिया जाता है जहां जांच आदि का कोई डर नहीं रहता है। इस कारोबार से जुडे लोग कम ही दिनों में बडे व्यापारी व लखपति बनने की श्रेणी में आ चुके हैं। आश्चर्य तो यह है कि इधर काफी दिनों से कारोबारी सक्रिय हैं, मगर खाद्य विभाग द्वारा अब तक कोई जांच अभियान शुरू तक नहीं किया गया है।

ऐसी नकली सामग्री खरीदने से बचे लोग:इस संबंध में डॉ. भी कहते है कि मिलावटी व दूषित खाद्य सामग्रियों का सेवन सेहत के लिए काफी खतरनाक रहता है। संक्रामक बीमारी को यह सामग्री ही दावत देती हैं। बडे पैमाने पर बीमारी फैल जाए तो पूरा गांव ही इसकी चपेट में आ सकता है, इससे जान जाने का भी खतरा रहता है। नागरिकों को चाहिए कि बाजार से ऐसी सामग्री की खरीदारी से बचें और ताजा व शुद्ध खाद्य सामग्री का ही प्रयोग करें। और खाद्य विभाग द्वारा इनकी जांच होकर कार्यवाही की जाए ।नगर के नागरिक खाद्य विभाग की कार्रवाई को देखना चाहते हैं खाद्य विभाग द्वारा इन व्यापारियों पर नकली एवं अवसान तिथि के पश्चात भी खाद्य सामग्री की बिक्री करने पर कार्यवाही ना करना नगर में जन चर्चा का विषय बना है जिस से संबंधित विभाग पर मिलीभगत के आरोप लगाए जा रहे हैं शासन एवं प्रशासन से इस ओर शीघ्र ध्यान देने की जनता ने अपेक्षा की है।

आकाश बायजूस ने लड़कियों के सशक्तीकरण और समावेशन के लिए लॉन्च किया 'एजुकेशन फॉर ऑल'

जबलपुर, यशभारत। भारत सरकार की 'आजादी का अमृत महोत्सव' पहल के मौके पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश बायजूस ने 'एजुकेशन फॉर ऑल' के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए निजी कोचिंग में छात्राओं के सशक्तीकरण एवं समावेशन के लिए बड़ी पहल का एलान किया है। इसके तहत वंचित परिवारों के 7वीं से 12वीं कक्षा के करीब 2000 छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों को नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग एवं स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी ।इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित छात्र आकाश बायजूस के नेशनल टैलेंट हंट एक्जाम ङ्क 2022 (एएनटीएचई 2022) में हिस्सा लेंगे। यह संस्थान की फ्लैगशिप स्कॉलरशिप परीक्षा है, जो देशभर में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 5 से 13 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। टॉप 2,000 छात्रों को नीट एवं आईआईटी-जेईई के लिए सर्वाधिक कोचिंग प्रोग्राम में शुमार आकाश बायजूस की निशुल्क कोचिंग का मौका मिलेगा।

हुनर के जादू से सजी सिल्क की उमंग

जबलपुर। जिसका नाम ही उमंग शॉपिंग महोत्सव हो, वहां गुणवत्ता और खूबसूरती का संगम होना स्वाभाविक ही है। गोल बाजार में आयोजित फाइबर टू सिल्क फैब में काजीवार सा?ी पर गोल्ड और जरी वर्क की खूबसूरती ने देखने वालों को अपना दीवाना बना दिया है। तमिलनाडु के काजीवर शहर के असलम ने एक सा?ी को बनने में 3 महीने का वक्त लगा दिया। धीरे-धीरे ये कला विलुप्त होती जा रही है। ऐसे महोत्सवों के माध्यम से इस कला में माहिरों की रोजी-रोटी चलती है। इस महोत्सव में जबलपुर की महिलाएं कोलकाता की कलाकृति देखकर मन्त्रमुग्ध हो गईं। सचिव आशीष गुप्ता ने इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले पूरे भारत से आये कलाकारों की रेशम साड़ियों, पोशाक सामग्री की गुणवत्ता और विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने असम-मूंगा सिल्क, दिल्ली-प्रिंटेड सिल्क साड़ी, गुजरात-कांथा, पटोला, पश्चिम बंगाल-बलूचरी, राजस्थान-बंधेज, झारखंड-कोसा सिल्क, कर्नाटक-चिंता मणि, कसौटी वर्क और अन्य जैसे विभिन्न राज्यों के रेशम उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी।

एशिया कप में फिर भारत-पाकिस्तान की जंग कल खेला जाएगा महामुकाबला

भारतीय फैंस मैच का बड़ी बेसब्री से कर रहे इंतजार

दुबई, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान का मैच। ये सुनकर ही दोनों मुल्क के क्रिकेट फैंस खुशी से झूम उठते हैं। दोनों टीमें भले ही एक दूसरे के खिलाफ कोई द्विपक्षीय सीरीज ना खेलती हो, लेकिन वर्ल्ड कप और एशिया कप जैसे मेगा टूर्नामेंट में दोनों का सामना जरूर होता है। 28 अगस्त के बाद 4 सितंबर को एक बार फिर बाबर और रोहित की आर्मी आपस में भिड़ने वाली है। ऐसे में दुबई के मैदान पर रोमांच का पारा बढ़ने वाला है।

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबलों का पूरा शेड्यूल

एशिया कप के लीग मैच खत्म हो चुके हैं और अब ट्रॉफी के लिए चार टीमें आपस में भिड़ेंगी। ये चार टीमें भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका हैं। 3 सितंबर से एशिया कप में सुपर-4 स्टेज के मैच शुरू हो जाएंगे।

एशिया कप में पाकिस्तान को लगातार पांचवीं बार हराने उतरेगा भारत

लीग मैचों में भारत ने पाकिस्तान को एशिया कप में लगातार चौथी बार हराया था। इससे पहले 2016 में एक बार और 2018 एशिया कप में टीम इंडिया ने लगातार 2 मैचों में पड़ोसी मुल्क को मात दी थी। अब 4 अगस्त को एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। अगर ये मैच भी टीम इंडिया जीत जाती है तो ये पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एशिया कप में लगातार पांचवीं जीत होगी। भारतीय फैंस इस मैच का इंतजार बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तानी फैंस और प्लेयर्स ग्रुप स्टेज में मिली हार का बदला लेने को उतारू होंगे। इसके अलावा भारत 2 और मैच खेलेगा। 6 सितंबर को टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी। ये दोनों ही टीमों के बीच एशिया कप का 21वां मुकाबला होगा। अभी तक दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ 10-10 मैच जीते हैं। वहीं, 8 सितंबर को भारत-अफगानिस्तान का मैच होगा।

पाकिस्तान के मुकाबले

पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ मिली हार के बावजूद टॉप 4 में अपनी जगह बना ली है। उन्होंने शुक्रवार को हांगकांग को 155 रनों के बड़े अंतर से हराया और टॉप-4 में अपनी जगह पक्की की। 7 सितंबर को पाकिस्तान अपना दूसरा मैच अफगानिस्तान के खिलाफ दुबई में खेलेगा। श्रीलंका और पाकिस्तान का मैच भी दुबई में ही खेला जाना है। ये मुकाबला 9 सितंबर को होगा।

जानिए टॉप 4 का पूरा शेड्यूल

एशिया कप की चारों टीमें आपस में कुल 6 मुकाबले खेलेंगी। टॉप 4 की सारी टीम एक दूसरे से एक मैच जरूर खेलेंगी। जो दो टीम सुपर 4 के 6 मुकाबले खत्म होने के बाद टॉप पर होगी। उनके बीच ही 11 सितंबर को फाईनल खेला जाएगा।

विराट रहे ग्रुप स्टेज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

एशिया कप से पहले पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अपनी फॉर्म के लिए जूझ रहे थे, लेकिन इस टूर्नामेंट ने उनके रनों का सूखा खत्म हो गया है। हांगकांग के खिलाफ विराट ने 6 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में 50 का स्कोर पार किया था। इस पारी के साथ उन्होंने एशिया कप में कुल 94 रन बनाए लिए हैं। वहीं, भुवनेश्वर कुमार भी एशिया कप से पहले अपनी फॉर्म से जूझ रहे थे। ये टूर्नामेंट भुवनेश्वर के लिए भी अब तक अच्छा साबित हुआ है। उन्होंने एशिया कप के ग्रुप स्टेज में अब तक कुल 5 विकेट लिए हैं। उन्होंने सिर्फ 5.85 की इकोनॉमी से रन दिए हैं।

अब आपको टॉप-4 टीमों का पूरा स्क्वाड बताते हैं...

1. पाकिस्तान- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर, मोहम्मद हसनैन।

2. अफगानिस्तान- मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, अफसर जजई, अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी, हशमतुल्ला शाहिदी, हजरतुल्लाह जजई, इब्राहिम जादरान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह जादरान, नूर उल अहमद, रहमानुल्ला गुरबाज, राशिद खान, समीउल्लाह शिनवारी।

3. श्रीलंका- दसुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणथिलका, पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान पथिराना, नुवानीडु फर्नांडो, नुवान तुषारा, दिनेश चांदीमल।

4. भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत , दीपक हुडा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान।

रवींद्र जडेजा एशिया कप से बाहर : घुटने की चोट के चलते टूर्नामेंट से हटे, अक्षर पटेल को मौका

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबलों से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान और हांगकांग के खिलाफ जडेजा टीम का हिस्सा थे। वहीं, अक्षर पटेल रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर UAE गए हुए थे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में जडेजा ने 29 गेंदों में 35 रनों की शानदार पारी खेली थी जिसमें दो छक्के और दो चौके शामिल थे। वहीं, गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में केवल 11 रन खर्च किए थे। दूसरे लीग मैच में हांगकांग के खिलाफ जडेजा ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में केवल 15 रन खर्च करते हुए एक विकेट हासिल किया था। उन्होंने शानदार थ्रो कर एक रनआउट भी किया था। रवींद्र जडेजा का बल्ला टी-20 क्रिकेट में जमकर बोला है, उन्होंने इस साल 50 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं।

2022 में 50 से ज्यादा की औसत से बना रहे थे रन- टी-20 क्रिकेट में जडेजा कमाल के फॉर्म में हैं। इस साल उन्होंने 9 मैच खेले हैं और 50.25 की औसत से 201 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 141.54 का रहा है। वहीं, गेंद से जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 9 मैच में सिर्फ 5 विकेट ही अपने नाम किए हैं। रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी, गेंदबाजी के साथ-साथ फील्डिंग में भी टीम के लिए अच्छा योगदान देते आए हैं।

अक्षर पटेल से होगी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद- रवींद्र जडेजा की जगह टीम में शामिल अक्षर पटेल से अब भारतीय फैंस को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वेस्टइंडीज के हालिया दौरे में दूसरे वनडे मैच में अक्षर ने नाबाद 64 रनों की पारी खेली थी। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत ही टीम को जीत मिली थी। उस मुकाबले में भारत 311 रनों के टारगेट का पीछा कर रहा था और 80 रनों के अंदर टीम के तीन विकेट गिर गए थे, लेकिन श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल की शानदार बैटिंग ने भारत को जीत दिला दी।

दीपिका पादुकोण भी हुई मेगा ब्लॉस्टर में शामिल

कपिल शर्मा की हो गई बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली, एजेंसी। मेगा ब्लॉकबस्टर सीरिज है या फिल्म अब तक किसी को नहीं पता, लेकिन इसमे कौन-कौन शामिल है यह धीरे-धीरे सबको पता चलता जा रहा है। कई सेलेब्स के बाद अब दीपिका पादुकोण भी इसमे शामिल हो गई हैं। उन्होंने अपनी फोटो शेयर कर खुद इसकी जानकारी दी है। दीपिका ने दरअसल, एक पोस्टर शेयर किया है जिसमे वह पिंक कलर के फ्लोरल सूट पहने नजर आ रही हैं। पोस्टर शेयर कर दीपिका ने लिखा है, सरप्राइज...ट्रेलर आएगा 4 सितंबर को। अब आप सोच रहे होंगे कि इससे कपिल की कैसे बल्ले-बल्ले हुई तो बता दें कि इसी मेगा ब्लॉकबस्टर से कपिल शर्मा भी जुड़े हैं। उन्होंने हाल ही में अपना पोस्टर शेयर कर बताया था कि वह भी मेगा ब्लॉकबस्टर में शामिल हैं। हालांकि यह है क्या, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

अन्य सेलेब्स भी मेगा ब्लॉकबस्टर में

वैसे बता दें कि दीपिका, कपिल के अलावा भी कई सेलेब्स इसमे शामिल हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं साउथ सेलेब्स भी इसमे शामिल हैं और साथ में क्रिकेर रोहित शर्मा भी। अब तक रश्मिका मंदाना, तृषा कृष्णन, एक्टर कार्ती, रोहित शर्मा के पोस्टर सामने आ चुके हैं।

दीपिका की फिल्में

वैसे इस प्रोजेक्ट के अलावा दीपिका पादुकोण के पास अन्य कई प्रोजेक्ट हैं जो रिलीज के लिए तैयार हैं जैसे उनकी फिल्में पठान, प्रोजेक्ट के और जवान। पठान और जवान में दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। वहीं प्रोजेक्ट के में वह प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं।

सिद्धार्थ शुक्ला से लेकर सुशांत सिंह राजपूत तक, इन सेलेब्स के निधन के बाद उनकी प्रॉपर्टी को कर दिया दान!

नई दिल्ली, एजेंसी। आज सिद्धार्थ शुक्ला की पहली डेथ एनिवर्सरी है। आज ही के दिन सिद्धार्थ हम सभी को छोड़कर चले गए थे। बता दें कि सिद्धार्थ के मिधन से सभी को बड़ा झटका लगा था क्योंकि इतनी कम उम्र में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। सिद्धार्थ की खास बात यह थी कि वह काफी दिलदार एक्टर थे और फैंस भी उन्हें इसी वजह से बहुत पसंद करते थे। जिंदा रहकर तो सिद्धार्थ ने कई लोगों का भला किया, लेकिन जाने के बाद भी वह भला करना ना भूलें। उनकी प्रॉपर्टी को चैरिटी के लिए दिया गया। वैसे सिद्धार्थ के अलावा और भी कई सेलेब्स की प्रॉपर्टी को चैरिटी में दिया गया उनके निधन के बाद।

सिद्धार्थ शुक्ला

सिद्धार्थ शुक्ला टीवी के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक थे। उनके चाहने वाले बहुत थे। जब सिद्धार्थ जिंदा थे तब बहुत चैरिटी करते थे और जाने के बाद भी उनके नाम से खूब चैरिटी की गई। एक्टर का 2 सितंबर 2021 को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की वसीयत में लिखा था कि वह अपनी प्रॉपर्टी को चैरिटी में देंगे। हालांकि इसका कोई ऑफिशयल कन्फर्मेशन नहीं है। वैसे बता दें कि सिद्धार्थ की नेट वर्थ 50 करोड़ थी।

सुशांत सिंह राजपूत

सुशांत सिंह राजपूत की मौत की गुत्थी आज तक नहीं खुल पाई है। सुशांत के निधन से फैंस को बड़ा झटका लगा था। आज भी सुशांत के फैंस एक्टर से जुड़ी यादों को सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुशांत के परिवार ने फैसला लिया था कि वह सुशांत की प्रॉपर्टी को चैरिटी में देंगे। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी फैसला लिया था कि वे सुशांत के पटना वाले घर को मेमोरियल बनाएंगे जहां उनसे जुड़ी चीजों को रखेंगे जिसमे उनकी किताबें, टेलिस्कोप जैसी चीजें शामिल होंगी।

इरफान खान

बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक इरफान खान 2020 में कैंसर से जंग लड़ते हुए हार गए। इरफान के निधन के बाद उनकी पत्नी ने यह अनाउंस कर दिया था कि वह एक्टर की प्रॉपर्टी का बड़ा हिस्सा चैरिटी के लिए डोनेट करेंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो 600 करोड़ चैरिटी के लिए डोनेट किया जा चुका है। हालांकि परिवार ने 600 करोड़ के बारे में कभी कोई ऑफिशयल स्टेटमेंट नहीं दिया।

लता मंगेशकर

पिछले साल 6 फरवरी को लता मंगेशकर इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। रिपोर्ट्स की मानें तो लता मे अपनी वसीयत में लिखा था कि उनकी प्रॉपर्टी को चैरिटी के लिए डोनेट कर दिया जाए। उनकी नेट वर्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक 500 करोड़ है।

श्रीदेवी

श्रीदेवी का निधन 24 फरवरी 2018 को हुआ था। एक्ट्रेस के निधन के बाद उनके पति बोनी कपूर ने उनके नाम पर बड़ा अमाउंट चैरिटी के लिए दिया था। रिपोर्टस की मानें तो बोनी ने एक गांव में छोटा स्कूल भी बनवाया है एक्ट्रेस के नाम पर जहां फ्री में एजुकेशन दी जाती है।

चेहरे पर चोट के निशान के साथ सामने आया सांमथा के मूवी यशोदा का पोस्टर

मुंबई एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मों से ज्यादा क्रेज इन दिनों साउथ मूवीज का देखने के लिए मिल रहा है। पुष्पा, 'केजीएफ 2 और आरआरआर जैसी फिल्मों का बोलबाला सिनेमाघरों में काफी रहा है। इसके बाद हाल ही में फिल्म 'लाइगर रिलीज की गई। हालांकि, इसे दर्शकों से कुछ खास रिस्पांस नहीं मिला। लोगों ने कहा कि इस बॉलीवुड स्टाइल में बनाया गया है। इसी कड़ी में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की मोस्टअवेटेड फिल्म 'यशोदा' से उनका नया लुक जारी किया गया है, जिसे देखकर आपको 'द फैमिली मैन 2' वाले लुक की याद जाएगी। फिल्म 'यशोदा से जारी किया गया सामंथा के नए लुक में देखने के लिए मिल रहा है कि सांमथा के चेहरे पर ढेर सारे चोट के निशान हैं और लोगों की भीड़ में नजर आ रही हैं। पोस्टर में एक और चीज देखने लायक है कि उनके चारों ओर सिर्फ और सिर्फ महिलाएं ही नजर आ रही हैं। सामंथा का इसमें एकदम डैशिंग अंदाज देखने के लिए मिल रहा है, जो कि फैंस को फिल्म के लिए एक्साइटमेंट को पैदा कर रहा है। पोस्टर से एक बात तो साफ है कि इसमें एक्ट्रेस ऐक्शन सीक्वेंस करने वाली हैं और पोस्टर में दिखाया गया उनका लुक फिल्म के किसी ऐक्शन सीक्वेंस का है। इसमें वहां काफी गुस्से में भी नजर आ रही हैं। पोस्टर को शेयर करने के साथ ही फिल्म 'यशोदा' के टीजर वीडियो के रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। इसके टीजर वीडियो को 9 सितंबर को दर्शकों के बीच रिलीज किया जाएगा। इसका निर्देशन हरी-हरीश द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में हाई ऐक्शन सीक्वेंस देखने के लिए मिलने वाला है। फिल्म में सामंथा के साथ वारालक्ष्मी सरथ कुमार, उन्नी मुकुंदन, राव रमेश, मुर्ली शर्मा, समपथ राज, शत्रु, मधुरिमा, कलपिका गणेश, दिव्या श्रीपदा, प्रियंका शर्मा और अन्य कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

खुशी कपूर और नीसा देवगन ने दी दोस्तों संग ऑलिव बार में पार्टी, फैन्स बोले- BFF

मुंबई, ईएमएस। मायानगरी मुंबई में अक्सर सेलेब्स किसी न किसी वजह के चलते कैमरे में कैद हो जाते हैं। ऐसे में खुशी कपूर और नीसा देवगन एक साथ पार्टी करती नजर आईं। इस खास मौके पर उनके साथ अहान पांडे और ओरहान भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर खुशी और नीसा की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिन्हें फैन्स पसंद कर रहे हैं।

मस्ती में दिखे दोनों

सोशल मीडिया पर खुशी और नीसा के फोटोज वीडियोज वायरल हो रहे हैं। एक ओर जहां खुशी ने ब्लैक ड्रेस में कहर ढाया है तो दूसरी ओर रेड ड्रेस में नीसा भी काफी सिजलिंग दिख रही हैं। बता दें कि खुशी और नीसा अलग अलग गाड़ियों से इवेंट में पहुंचे थे लेकिन जाते वक्त वो कुछ और दोस्तों के साथ एक ही कार में गए।

जाह्नवी के साथ नजर आई थीं नीसा

याद दिला दें कि खुशी कपूर से पहले नीसा, जाह्नवी कपूर के साथ नजर आई थीं। तब भी सोशल मीडिया यूजर्स काफी हैरान रह गए थे क्योंकि उन्हें इस दोस्ती की जानकारी नहीं थी। तस्वीर में जाह्नवी और नीसादो अन्य दो लोगों के साथ नजर आ रही थीं। नीसा और जाह्नवी ने तस्वीर में गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीर तेजी से वायरल हुई थी।

पॉपुलर हैं नीसा

नीसा की गिनती पॉपुलर स्टार किड्स में होती है, उनके फोटोज- वीडियोज अक्सर वायरल होते हैं। फैन्स को उनके बॉलीवुड डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि कुछ वक्त पहले ही नीसा ने अपना 19वां जन्मदिन मनाया था। नीसा के जन्मदिन पर फैन्स के साथ ही सेलेब्स ने भी उन्हें खूब बधाई दी थी। वहीं पिता अजय देवगन और मां काजोल ने भी बेटी पर खूब प्यार लुटाया था। बता दें कि अजय देवगन ने एक इंटरव्यू में अजय ने बच्चों के करियर पर कहा था, च्वो जो करना चाहें कर सकते हैं। मैं उनसे नहीं कहूंगा कि उन्हें ये करना है या नहीं। लेकिन वो जो भी करेंगे उन्हें पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ करना होगा।

कौन हैं खुशी कपूर

बात खुशी कपूर की करें तो वो बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी हैं। वहीं खुशी की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर हैं। एक ओर जहां जाह्नवी बॉलीवुड में अपना करियर सेट कर चुकी हैं तो दूसरी ओर खुशी भी डेब्यू के लिए तैयार हैं। खुशी कपूर, जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर पहले वायरल हो चुके हैं। खुशी की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है।सिद्धार्थ शुक्ला से लेकर सुशांत सिंह राजपूत तक, इन सेलेब्स के निधन के बाद उनकी प्रॉपर्टी को कर दिया दान! कई ऐसे सेलेब्स रहे जिन्होंने लाइफ में खूब चैरिटी की है। इतना ही नहीं उनमे से कुछ ऐसे भी रहे हैं जिनके निधन के बाद उनकी प्रॉपर्टी को दान कर दिया गया चैरिटी के लिए। इसमे सिद्धार्थ शुक्ला भी शामिल हैं।

शिवम् पहलवान ने निकाल दांव लगाकर कुश्ती में विजय प्राप्त की

जबलपुर, यशभारत। प्यारेलाल उस्ताद एवं स्व. श्याम सिंह लोधी खलीफा की स्मृती में दो दिवसीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन सगड़ा व्यायाम शाला, साँई मंदिर के सामने, समय सायं 4:00 बजे से प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोरी खलीफा के द्वारा बजरंग बली की पूजा अर्चना के बाद दंगल प्रारंभ मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन स्टाईल, कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष श्री अर्जुन यादव जी एवं त्रिपुरी वार्ड के पार्षद सुनील पुरी गौस्वामी उपस्थित रहे। आज की कुश्तियों का मुकाबला इस प्रकार रहा, शिवम् पहलवान ने छद्दन पहलवान को हराकर विजय प्राप्त की, ईशू पहलवान तुलाराम उस्ताद ने गणेश पहलवान शास्त्री नगर अखाड़ा के बीच में कुश्ती 4 मिनट बराबर रही, इसी प्रकार राधे कटनी और अमर पहलवान साँई सेंटर के बीच मुकाबला बराबर का रहा, मोहित पहलवान और निशांत पहलवानके बीच में बराबर का मुकाबला रहा। आज लगभग 42 जोड़ों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें शहर के अनेक अखाड़ों के पहलवानों एवं कटनी, सतना, बरेला, बरगी, और पनागर के पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल के रैफरी की भूमिका भूरा पहलवान पडुआ के द्वारा निभाई गई, और कुश्ती का संचालन दुर्गा शंकर एवं तजेन्दर सिंह टीटू के द्वारा किया गया। दंगल सांय 4:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस दंगल के आयोजन को सफल बनाने में नगर के अनेक खलीफागण, पहलवानों किशोरी सिंह लोधी खलीफा, विरेन्द्र लोधी, विकास लोधी, अठ्ठी लोधी आदि ने विशेष भूमिका निभाई।

धान चली जाती है दक्षिण उत्तर से आ जाता है चावल

बिना मिल चलाए हो रही थी मिलिंग सरकार ने मांग लिए बिजली के बिल

जबलपुर यश भारत। शासकीय धान के कस्टम मिलिंग में धान को दूसरे राज्यों में बेचने और दूसरे राज्यों से चावल लाकर जबलपुर में जमा करने की शिकायत है तो लंबे समय से आ रही थी जिसको देखते हुए नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा बड़ा निर्णय लिया है जिसके चलते इस पूरे खेल में हुए गोलमाल के सामने आने की बात कही जा रही है । यश भारत को मिली जानकारी के अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम इस बात का पता लगाना चाह रही है कि एक मेट्रिक टन धान की मिलन होने में कितनी बिजली लगती है जिसके आधार पर वह उक्त मिलर द्वारा की मात्रा और बिजली की खपत की गणना करके इस बात का पता लगा सकती है कि उक्त मिलर द्वारा वास्तव में मिलन की गई है या चावल बाहर से खरीद कर सरकार को दे दिया गया है।

फैक्ट फाइल

किस साल हुई कितनी मिलिंग

2019-20	215000 मेट्रिक टन
2020-21	250000 मेट्रिक टन
2021-22	360000 मेट्रिक टन (अभी तक)

ऐसे होगी जांच

जानकारी के अनुसार नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी तरुण पिथोड़े द्वारा पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एम डी अनय द्विवेदी को एक पत्र लिखा था जिसमें उनके द्वारा राइस मिल मिल में जाकर उनकी कैपेसिटी के अनुसार 1 घंटे में जो मिलिंग होती है उस द्वारा कितनी विद्युत लगती है इसकी गणना करने के लिए कहा गया है जिसको लेकर विद्युत विभाग द्वारा कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है और जिले की कुछ राइस मिल पड़ताल भी शुरू हो गई है उक्त जांच होने के बाद राइस मिल संचालकों से 1 से 3 साल तक के बिजली के बिल भी मांगे जा रहे हैं और फिर उसका मिलान उक्त वर्षों में मिलर द्वारा जो चावल जमा किया गया है उससे किया जाएगा।

यहाँ से आता है चावल - इस पूरे मामले में प्रदेश शासन के पास इस बात की जानकारी लंबे समय से पहुंच रही थी कि दूसरे राज्यों से आने वाला चावल शासकीय गोदामों में मिलर के द्वारा जमा किया जा रहा है जिसमें सबसे बड़ी मात्रा उत्तर भारत के राज्यों की है जहां से सस्ती दर में चावल खरीद कर मिलर द्वारा जमा किया जाता है क्योंकि चावल मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री गुड्स है जिस कारण इसकी ज्यादा जांच-पड़ताल नहीं होती और मंडी से कागज आसानी से बन जाते हैं जिसके चलते यह पूरा खेल संचालित होता है दूसरे राज्यों से आने वाली चावल के अलावा एक बहुत बड़ी मात्रा पीडीएस के चावल की भी है जो राशन दुकानों से राइस मिलर तक पहुंचा दिया जाता है और राइस मिलर फिर उसे सरकारी गोदाम में जमा कर देता है।

यहाँ चली जाती है धान - जिस तरीके से चावल उत्तर भारत और राशन दुकानों से आता है। उसी तरह सरकारी गोदामों से मिल तक जाने वाली धान को दक्षिण भारत के राज्यों में सप्लाई कर दी जाती है क्योंकि जबलपुर में क्रांति और आई आर धान अधिक मात्रा में होती है। जिस की डिमांड दक्षिण भारत के राज्यों में अधिक है जिसके चलते उसे सीधे हैदराबाद बेंगलुरु आदि की मंडियों में भेज दिया जाता है। इस पूरे मामले में पहले जहां गोदाम से ट्रक लोड होकर सीधे दूसरे राज्य में चले जाते थे लेकिन प्रशासन की सख्ती के चलते अब राइस मिलर पहले धान को मिल ले जाते हैं फिर सरकारी बोरे को बदलते हैं और फिर बाहर भेज देते हैं। चावल के साथ-साथ धान भी टैक्स फ्री गुड होने के चलते इस काम में मिलर को आसानी होती है।

इनका कहना

मुख्यालय द्वारा पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के एमडी सर को पत्र भेजा गया है। जिसमें राइस मिल की प्रति घंटे कैपेसिटी के हिसाब से विद्युत खपत चेक करी जा रही है। जिसकी जानकारी मुख्यालय भेजी जाएगी और उसके बाद मुख्यालय से आगे की कार्यवाही होगी।

एल एल आहिरवार, रीजनल मैनेजर नागरिक आपूर्ति निगम

थाने में दरोगा के सामने बलात्कार पीड़िता ने लगाई आग, जबलपुर में भर्ती

आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर, यशभारत। शहडोल के अमलाई थानांतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां 26 वर्षीय युवती ने अमलाई थाने में पुलिस की मौजूदगी में पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसे पीड़िता को जबलपुर रेफर कर दिया गया। यहां एमएच हॉस्पिटल में युवती को भर्ती किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, दबाव के चलते पुलिस ने आरोपी पटवारी को भर्ती किया गया है। जबलपुर पहुंचे परिजनों ने रुंधे कंठ से पीड़िता का हाल बयां किया....जिसे शब्दों में लिख पाना संभव नहीं है!!!

जानकारी के मुताबिक युवती का रामपुर हल्का पटवारी से प्रेम प्रसंग था। और पटवारी ने शारीरिक शोषण कर शादी से इनकार कर दिया। इसी संबंध में युवती ने थाने में शिकायत की थी। युवती की शिकायत पर अमलाई थाना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लेने और हीलाहवाली वाली जांच कार्यवाही से नाराज युवती ने मामले की शिकायत 181 सीएम हेल्पलाइन में भी की थी। जिसके बाद पुलिस ने प्रेमी पटवारी पर मामला दर्ज कर लिया। लेकिन इसी दौरान युवती और प्रेमी पटवारी के बीच कुछ बातचीत हुई और समझौते पर दबाव बनाया जा रहा था जिसके बाद फरियादी ने थाने में ही पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। अब युवती अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। जानकारी अनुसार अमलाई थाना क्षेत्र के ईटा भट्ठा की रहने वाली 26 वर्षीय युवती का जयसिंहगर के ग्राम बतौडी के रहने वाले जिले के रामपुर हल्का पटवारी ब्रज बहादुर कंवर से प्रेम प्रसंग था , पटवारी ने युवती के शारीरिक संबंध बना शादी से इंकार कर रहा था, जिससे आहत युवती ने अमलाई थाने में शिकायत की, पुलिस ने प्रेमी पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस की इस कार्यवाही से संतुष्ट होकर युवती ने सीएम हेल्प लाइन की शिकायत बंद करा दी। इस दौरान थाने में मौजूद प्रेमी पटवारी और युवती के बीच थाने परिसर में बातचीत हो रही थी कि तभी अचानक युवती ने थाने परिसर में ही खुद के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। जिसे जबलपुर के एमएच अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जेडीए की वक्रदृष्टी जॉय स्कूल पर

अधिकारियों ने की शब्दों की हेरा-फेरी, मेबन ने प्राइमरी की जगह तान दिया हाईस्कूल

विज्ञापन प्राइमरी स्कूल के नाम से, लीज में लिख दिया शैक्षणिक कार्य

जबलपुर यश भारत। विजय नगर स्थित जॉय स्कूल के मामले में जेडीए अधिकारियों द्वारा जांच शुरू कर दी है, जिसको लेकर पिछले दिनों कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा शिकायत की गई थी कि स्कूल की लीज प्राइमरी स्कूल बनाने के लिए जारी की गई है। लेकिन स्कूल संचालक द्वारा यहां हाईस्कूल का निर्माण कर लिया गया है। जिसके बाद जेडीए के अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं और जिसके बाद बहुत सारी खामियां सामने आ रही हैं। जेडीए अधिकारियों की मानें तो जो उक्त भूखंड के लिए विज्ञापन जारी किया गया था वह प्राइमरी स्कूल के लिए जारी हुआ था। उसके बाद जिन लोगों ने इस भूखंड को लेने के लिए आवेदन किया हुआ था उन्होंने भी प्राइमरी स्कूल खोलने के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन जॉय स्कूल को लीज जारी की गई है उसमें भूखंड का उपयोग शैक्षणिक कार्य के लिए बताया गया है।

शब्दों का चल रहा खेल

यशभारत को मिली जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में जो लिस्ट तैयार की गई है उसमें शब्दों की बाजीगिरी करके स्कूल प्रबंधन को फायदा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है,क्योंकि विज्ञापन जिस मदद के लिए जारी होता है लीज भी उसी मद के लिए दी जाना चाहिए । विभागीय सूत्रों की मानें तो कुछ लोग इस मामले को शब्द की त्रुटि बता कर स्कूल के पक्ष में निर्णय कराने की भूमिका बना रहे हैं। लेकिन विज्ञापन के साथ-साथ जेडीए की जो योजना तैयार की जाती हैं उसमें मद पूरी तरह से निर्धारित होती हैं और उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकता जिसको लेकर जेडीए के ही पूर्व में कई निर्णय है। ऐसे में प्राइमरी स्कूल की जगह लीज में शैक्षणिक उपयोग लिखकर लीज स्वामी को गलत तरीके से फायदा पहुंचाने की मंशा स्पष्ट नजर आ रही है, जिसको लेकर यशभारत के पास और भी दस्तावेज हैं जो विभिन्न विभागों के माध्यम से प्राप्त हुए हैं , यह जेडीए अधिकारियों की मनसा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हैं।

इनका कहना

जॉय स्कूल की लीज के मामले में जांच चल रही है जिसमें विज्ञापन और लीज में अलग-अलग मद सामने आई है। जिसको लेकर सारे दस्तावेज निकाले जा रहे हैं और पुराने आदेशों को भी खंगाला जा रहा है।

प्रशांत श्रीवास्तव
सीईओ जेडीए

रांझी में बमबाज गिरफ्तार

जबलपुर, यशभारत। रांझी में दहशत फैलाने सुअरमार बम पटकने जा रहे आरोपी को देर रात मुस्तैद पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा था, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि दुर्गेश कारी कांत 30 वर्ष निवासी रांझी दहशत फैलाने की नियत से बम फैंकने की फिराक में बंगाली कालोनी तरफ जा रहा है । जिसके बाद पुलिस दल ने आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया। जो काले रंग की पन्नी में 2 देशी सुअरमार बम रखे मिला। दोनो सुअर मार बम जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

2 सुअरमार बम लेकर जा रहा था वारदात को अंजाम देने, पुलिस ने दबोचा

अहमदाबाद में डॉक्टर राजेश धीरावाणी का सम्मान

40 साल की बेहतर सेवाओं को देखकर न्यूयार्क के डॉक्टर ने किया सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसचज़ सेंटर प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी को ओरल कैंसर सहित अन्य गतिविधियों पर 40 साल तक बेहतर सेवाएं देने पर अहमदावाद में सम्मानित किया गया। यह पहला मौका है जब मध्य भारत के इकलौते डॉक्टर को इस तरह का सम्मान मिला है। डॉक्टर राजेश धीरावाणी को यह सम्मान गुजरात सरकार के स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में मेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर न्यूयाकज़ के चेयरमैन डॉक्टर जतिन शाह द्वारा अहमदाबाद के पं. दीनदयाल सभागृह में हैड एंड नैक सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। डॉक्टर राजेश धीरावाणी ने बताया कि इस तरह का सम्मान पाकर अपने आप में गौरव की बात है। मैंने 40 वर्ष की सेवा में ओरल कैंसर सहित सामाजिक गतिविधियां आयोजित की है इसी का नतीजा है कि इतने बड़े सम्मान से नवाजा गया। आगे भी अपनी गतिविधियां और लोगों की सेवा करता रहूंगा।

अधारताल पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचा

देशी कट्टा एवं पिस्टल जब्त

जबलपुर, यशभारत। अधारताल पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचकर देशी एक कट्टा एवं पिस्टल जब्त की है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन मुस्तैद पुलिस की सक्रियता से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी अधारताल शैलेश मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि राहुल चौधरी एवं अरूणव यादव उर्फ जय नाम के युवक दाउ मैरिज गार्डन के पास कोई अपराध करने की नीयत से अवैध हथियार रखे हुये खड़े हैं । सूचना पर दाउ मैरिज गार्डन के पास दबिश दी गई जहां घेराबंदी कर अरूणव उर्फ जय यादव 20 वर्ष निवासी अधारताल एवं राहुल चौधरी उर्फ छोटे सरकार 20 वर्ष निवासी महगवां परियट थाना पनागर को दबोचकर तलाशी ली गई तो राहुल के पास देशी 1 कट्टा एवं अरूणव के पास 1 पिस्टल खोंसे मिला , दोनों आरोपियों से कट्टा एवं पिस्टल जब्त करते हुये कार्रवाई की गई। आरोपियों को अवैध हथियार के साथ पकड़ने में उप निरीक्षक महेन्द्र जयसवाल, उप निरीक्षक चंद्रकांत झा, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, रिजवान हैदर, आरक्षक विमल, इंद्रजीत, पंकज, पवन की सराहनीय भूमिका रही।

Since - 1992
हिन्द ITI
ADMISSION OPEN
AFFILIATED BY DGT & NCVT (GOVT. OF INDIA)
Skill India
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade Traning With Placement
★ Study With Practical
★ Scholarship Facilities
★ Free Computer Traning Education
★ Free Industrial / Educational Visit
★ Special Career Guidence / Job Placement
N.H. 7 MANSAKRA NAKA, SIHORA, JABALPUR (M.P)
Contact - 9425162863, 9424659053, 8770570620, 8770094210

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वड़ेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आर्यरा
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधाट) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

त्रयोदशी संस्कार



स्व. पं. विवेक बाजपेई (पिक्की भैया)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पं. विवेक बाजपेई का निधन 22.08.2022 को हो गया है । दिवंगत पुण्यात्मा की शांति हेतु त्रयोदशी (गंगाजली) संस्कार आज 03 सितंबर 2022 शनिवार को होगा।

कार्यक्रम स्थल- राम लीला मैदान, काली मंदिर ,सदर जबलपुर

शोकाकुल

संजय सत्येंद्र पाठक (विधायक, विजयराघवगढ़)
विराज बाजपेई (पौत्र)
आशीष पाठक, मनीष पाठक (अध्यक्ष,नगर निगम कटनी)
नीलेश अवस्थी (पूर्व विधायक), मनीष अवस्थी, शैलेश अवस्थी, रत्नेश अवस्थी,
अनिल तिवारी, जय मिश्रा, कन्हैया तिवारी, मनु मिश्रा, श्यामू तिवारी, यश पाठक (नाती)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)